रविवार, 16 मार्च 2025

**मौसम**



तापमान 38 – 25
आर्द्रता 49%
सूर्योदय: 5:46 सूर्यास्त: 17:46

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा




मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्ल्यूपीएल चैंपियन
-पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** अनुभव सच में एक बेहतरीन स्कूल है बस कम्बख्त फीस बहुत लेता है।

# कोई पद दिलाने के नाम पर पैसे मांगे तो हमें बताएं : अभिषेक बनर्जी

## ■ तृणमूल सांसद की आरोप... 'भाजपा बंगाल को बदनाम करने की साजिश कर रही हैं'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को एक वर्चुअल बैठक में कहा कि मेरे कार्यालय और आई पैक के नाम पर पार्टी में पद दिलवाने सम्बंधी कई शिकायतें मिली हैं। कई लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं। मैं 8142681426 नंबर दे रहा हूं, अगर कोई कहता है कि वह आई पैक से आया है तो कृपया इस नंबर की पुष्टि करें। कथित तौर पर, अगर कोई आई पैक के नाम पर रुपए मांगता है तो उन्हें नहीं दें और हमें खबर करें। इस बैठक में राज्यसभा और लोकसभा के सभी सांसदों, सभी विधायक, नगर निगमों के मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन, कोलकाता नगर निगम के सभी पार्षद, जिला परिषद अध्यक्ष और सदस्य, नगरपालिकाओं के चेयरमैन-वाईस चेयरमैन और राज्य समिति के सभी नेता भी मौजूद रहें। इसके साथ ही छात्र, युवा, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक और महिला संगठनों के जिलाध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए। अभिषेक बनर्जी ने उक्त बैठक में आगे कहा कि फर्जी मतदाता चुनौती बन गए हैं और ऐसे फर्जी वोटरों को हमे तलाशना होगा। सामने ही विधानसभा का चुनाव है और इससे पहले हमें राज्य में हर स्तर पर फर्जी मतदाताओं को ढूंढना होगा। अभिषेक बनर्जी ने उक्त संगठनात्मक बैठक में 5 दिनों के भीतर जिला समिति के गठन का आदेश दिया।

### 'भूतिया' मतदाताओं को पकड़ने के लिए पंचायत और शहर स्तर पर विशेष समिति गठन का निर्देश

साथ ही, तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव ने पार्टी के लोगों को राज्य से बाहर रहने वालों से संपर्क करने का निर्देश दिया। अभिषेक ने 21 से 27 मार्च के बीच ब्लॉक कमेटियों के गठन का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी एक मतदाता सूची पर्यवेक्षक नियुक्त करेगी। जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, पंचायत स्तर और बूथ स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच का काम जारी रहेगा। संपूर्ण प्रक्रिया के लिए आई पैक जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही अभिषेक बनर्जी ने आई पैक के नाम पर पैसे मांगे जाने के आरोपों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का स्पष्ट संदेश है कि पद दिलाने के नाम पर मेरे नाम पर या आई पैक के नाम पर कोई पैसा नहीं दिया जा सकता। तृणमूल कांग्रेस के दूसरे नंबर के नेता ने आदेश दिया है कि अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो तुरंत शिकायत दर्ज कराई जाए। इस बैठक में ही अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि संदेशखाली की घटना बंगाल को भ्रष्ट करने की भाजपा की साजिश थी। हालांकि, अभिषेक ने टिप्पणी की कि आरजीकर की घटना निंदनीय है, उन्होंने यह भी दावा किया कि इसके पीछे विपक्ष का हाथ है। उन्होंने कहा कि देश की नजरों में बंगाल को छोटा करने की कोशिश की जा रही है।

# तमिल एक मधुर भाषा है, प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हर भाषा को उसका उचित सम्मान मिले: वैष्णव




**चेन्नई :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तमिल को एक 'मधुर' भाषा बताते हुए शनिवार को कहा कि यह देश और दुनिया के लिए बहुत मूल्यवान है। केंद्रीय रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि हर भारतीय भाषा को उसका उचित सम्मान मिले। श्रीपेरंबदूर में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के एक विनिर्माण कारखाने के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होते हुए, वैष्णव ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें आईआईटी कानपुर में पढ़ाई के दौरान सदगोपन नामक एक प्रोफेसर मिले थे, जिन्होंने उन्हें तमिल भाषा के बारे में सिखाया। अपने भाषण की शुरुआत में तमिल भाषा में पारंपरिक 'वणक्कम' (नमस्ते) के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए वैष्णव ने कहा, "तमिल एक बहुत ही मधुर भाषा है। मैं केवल तीन शब्दों को जानता हूं - वणक्कम, एप्पाडी इरुकेंगा (आप कैसे हैं) और नंद्री (धन्यवाद)।" आईआईटी कानपुर में सदगोपन के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, "सदगोपन ने मुझे तमिल भाषा से परिचित कराया और उत्तर भारत में तमिल को आमतौर पर मसाला डोसा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने मुझे तमिल संस्कृति के कई पहलुओं से परिचित कराया। यह बहुत ही गहरी संस्कृति है, बहुत प्राचीन संस्कृति है। हम सभी तमिल संस्कृति और तमिल भाषा का सम्मान करते हैं। यह हमारे देश की एक संपत्ति है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए।" वैष्णव ने कहा, "दूरसंचार और डाटा संरक्षण कानूनों में, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें प्रेरित किया और पूछा कि नोटिस केवल अंग्रेजी में क्यों होना चाहिए और सभी भारतीय भाषाओं में क्यों नहीं होना चाहिए। इसलिए, उनसे प्रेरणा लेते हुए, हमने कानून में ही कहा है कि संविधान में सभी भाषाएं लोगों के लिए विकल्प के रूप में उपलब्ध होनी चाहिए।" उन्होंने कहा, "हम सभी को अपने देश को बहुत मजबूत बनाने के एक बड़े लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनें।" उनकी टिप्पणी तमिलनाडु में जारी भाषा विवाद के बीच आई है, जहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से प्रदेश में केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। केंद्र सरकार ने हालांकि ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है।

# 41 देशों पर ट्रैवल बैन लगाने की तैयारी में ट्रंप



**वाशिंगटन :** टैरिफ वाले ट्रेड वॉर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब एक और तैयारी में जुट गए हैं। उनके प्रशासन ने 41 देशों पर ट्रैवल बैन लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान समेत सीरिया और अन्य देश शामिल हैं।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने कुल 41 देशों की कुल 3 लिस्ट बनाई है। पहली लिस्ट में 10 देशों को शामिल किया गया है, जिसमें अफगानिस्तान, सीरिया, ईरान, क्यूबा और नॉर्थ कोरिया जैसे देश शामिल हैं। इन देशों के नागरिकों को अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। इस सभी पर पूरी तरह से बैन रहेगा।

**भारत के पड़ोसी देशों पर भी प्रतिबंध**

दूसरे ग्रुप में पूर्वी अफ्रीकी देश इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और दक्षिणी सुडान का नाम शामिल हैं। इन देश के लोगों पर आंशिक निलंबन लागू रहेगा। जिसका असर टूरिस्ट और स्टूडेंट वीजा के साथ-साथ कुछ अपवादों के साथ अन्य इमीग्रेंट वीजा पर भी पड़ेगा।

तीसरे ग्रुप में अमेरिका ने 26 देशों को शामिल किया है। हालांकि लिस्ट के सभी नामों का खुलासा नहीं हो पाया, लेकिन इसमें पाकिस्तान, भूटान और म्यांमार जैसे देश शामिल हैं। इनके लिए अमेरिकी वीजा जारी करने पर आंशिक रूप से रोक लगाने पर विचार किया जाएगा, यदि वहां की सरकारें 60 दिनों के भीतर कमियों को दूर करने के लिए प्रयास नहीं करती हैं।

# भाषा थोपने या उसका अंधाधुंध विरोध करने से राष्ट्रीय एकजुटता नहीं हासिल होगी : पवन कल्याण



**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शनिवार को कहा कि न तो किसी भाषा को जबरन थोपने और न ही उसका अंधाधुंध विरोध करने से राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकजुटता हासिल होती है। अभिनेता से नेता बने कल्याण ने कहा कि उन्होंने "कभी हिंदी भाषा का विरोध नहीं किया" बल्कि उन्होंने केवल "इसे अनिवार्य बनाने का विरोध किया है।" जनसेना पार्टी के प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "किसी भाषा को जबरन थोपना या फिर उसका अंधाधुंध विरोध करना, दोनों ही हमारे भारत में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकजुटता के उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद नहीं करते हैं।" उन्होंने कहा कि चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है, इसलिए "इसे लागू करने के बारे में झूठी बातें फैलाना केवल जनता को गुमराह करने का एक प्रयास है।" कल्याण के अनुसार, एनईपी 2020 के तहत छात्रों को एक विदेशी भाषा के साथ-साथ अपनी मातृभाषा सहित कोई भी दो भारतीय भाषाएं सीखने की सुविधा है। उन्होंने कहा, "यदि वे हिंदी नहीं पढ़ना चाहते तो वे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, मराठी या भारत की कोई भी अन्य भाषा चुन सकते हैं।"

# बीरभूम में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के बाद फैला तनाव, 21 लोग गिरफ्तार

### 17 मार्च तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित



**बीरभूम :** जिले में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की दोपहर बीरभूम के सैंथिया में दो गुटों के बीच कुछ कहासुनी के चलते मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, एक गुट के लोग शराब के नशे में थे, जिसके चलते विवाद हुआ। दोनों गुटों के बीच हाथापाई हुई और एक-दूसरे पर पथराव भी किया गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस बीच, बीरभूम जिले के सैंथिया शहर के कई क्षेत्रों में 17 मार्च को इंटरनेट और वॉइस-ओवर-इंटरनेट टेलीफोन सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। इंटरनेट सेवाओं पर बैन 14 मार्च से लेकर 17 मार्च तक प्रभावी रहेगा। राज्य सरकार के गृह और हिल अफेयर्स विभाग के प्रधान सचिव ने इंटरनेट और कॉल सेवाओं को निलंबित करने के पीछे अवैध गतिविधियों के लिए अफवाहों का हवाला दिया है। इस बीच, बीरभूम में पथराव की घटना की रिपोर्ट के बाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। आदेश के अनुसार, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अपराध के लिए उकसावे को रोकने के हित में अस्थायी रूप से संदेशों का प्रसारण नहीं किया जाएगा। हालांकि, वॉइस कॉल और एसएमएस पर कोई बैन नहीं लगाया गया है। साथ ही, आदेश में कहा गया है कि ज्ञान और सूचना का संचार और प्रसार किसी भी तरह से नहीं रोका गया है। बीरभूम जिले में जहां इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें सैंथिया, हटोरा ग्राम पंचायत (जीपी), मठपालसा जीपी, हरिसरा जीपी, दरियापुर जीपी और फुलुर जीपी शामिल हैं।

# देश को 'जीएसटी 2.0' की जरूरत: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की अलग-अलग दरों को लेकर शनिवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पॉपकॉर्न के बाद अब 'डोनट' पर जीएसटी का असर हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि देश को अब जीएसटी 2.0 (जीएसटी के नए संस्करण) की जरूरत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि सिंगापुर की डोनट चेन 'मैड ओवर डोनट्स' को कथित तौर पर अपने व्यवसाय को गलत वर्गीकृत करने और 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए 100 करोड़ रुपये के कर नोटिस मिला है। डोनट, आटे से बना मीठा और रिंग के आकार का स्नैक्स होता है। इसे आमतौर पर चॉकलेट, आइसिंग, पाउडर चीनी या फल से सजाया जाता है। डोनट कई देशों में लोकप्रिय है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पॉपकॉर्न के बाद अब डोनट पर भी जीएसटी का असर पड़ रहा है। 'मैड ओवर डोनट्स' को 100 करोड़ रुपये के कर के नोटिस का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ मतदाता पहचान पत्र पर चर्चा करेंगे

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची के आंकड़ों में हेराफेरी के आरोपों के बीच मतदाता पहचान पत्रों को आधार से जोड़ने के मुद्दे पर चर्चा के लिए केंद्रीय गृह सचिव और विधायी सचिव के साथ बैठक बुलाई है। विभिन्न राज्यों में मतदाताओं को आवंटित किए गए 'डुप्लीकेट' मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक के मामलों को उठाते हुए, विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद करने के लिए मतदाता सूची में हेराफेरी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी लोकसभा में इसी तरह की भावनाएं व्यक्त की थीं। निर्वाचन आयोग ने अगले तीन महीनों में इस मामले को निपटाने का आश्वासन दिया है। आयोग ने कहा है कि 'डुप्लीकेट' नंबर का मतलब जरूरी नहीं कि फर्जी मतदाता ही हों। सूत्रों ने बताया कि कुमार मंगलवार को गृह सचिव, विधायी सचिव और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सीईओ के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। सरकार ने संसद को बताया कि आधार-मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने का काम एक "प्रक्रिया संचालित" काम है। सरकार ने यह भी कहा है कि जो लोग अपने आधार विवरण को मतदाता सूची से नहीं जोड़ेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जाएंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा करेंगे

**कोलंबो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए अगले महीने की शुरुआत में श्रीलंका की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने यहां संसद में बजट आवंटन को लेकर हुई चर्चा पर एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। हेराथ ने कहा, "हमने अपने पड़ोसी देश भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे हैं। हमारी पहली कूटनीतिक यात्रा भारत की थी, जहां हमने द्विपक्षीय सहयोग पर कई समझौते किए।" उन्होंने कहा, "भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रैल की शुरुआत में यहां आएंगे।" हेराथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान सामपुर सौर ऊर्जा स्टेशन के उद्घाटन के अलावा कई नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल में सर्वाधिक 15.26 अरब डॉलर उछलकर 653.96 अरब डॉलर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान दो वर्षों में सबसे तेज उछाल के साथ 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान तीव्र वृद्धि का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया जा रहा है, जब उसने प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए रुपए के मुकाबले डॉलर खरीदा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 13.99 अरब डॉलर बढ़कर 557.28 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.05 अरब डॉलर घटकर 74.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड डॉलर बढ़कर 18.21 अरब डॉलर हो गया।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 मार्च, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन चैत्र कृष्णपक्ष द्वितीया, 17:00 तक, नक्षत्र : हस्त, 11:40 तक, योग : वृद्धि, 14:45 तक, सूर्योदय: 5:46, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 19:32, चन्द्रास्त: 06:41, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 16:13 से 17:42

## साप्ताहिक : राशिफल
## 16-03-25 से 22-03-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण बना रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। स्वास्थ्य पर ध्यान बनाये रखे थोड़ी सी ला-परवाही स्वास्थ्य संबंधित परेशानी को दे सकती है। इस बीच थोड़ा सूझ-बूझ से कार्य करे। अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा इसलिए सावधानी पूर्वक कार्य करे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अभी मिला-जुला रहेगा जहाँ एक तरफ सुख-सुविधाओं की वृद्धि हो सकती है वही दूलरी तरफ अधिक खर्च के कारण मानसिक तनाव का भी सामना जातक को करना पड़ सकता है। जातक अपनी सक्रियता एवं दूर-दृष्टि से कई विषम परिस्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। जातक इस सप्ताह थोड़ी सावधानी बनाये रखें। किसी प्रकार की अनावश्यक कार्य-योजनाओं में न उलझे, नही तो जातक को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी सक्रिय हो सकते है जो जातक को तनाव दे सकते है। कार्य-व्यापार में लगे जातकों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। कार्य-व्यापार में अन्य तरह की परेशानियाँ आ सकती है। जातक को तनाव या दबाव दे सकती है। इस सप्ताह बाजार एवं शेयर मार्केट में बहुत सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करे नही तो हानि का सामना जातक को करना पड़ सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में व्यवधान एवं चुनौतियाँ आ सकती है जिससे जातक तनाव या दबाव महसूस कर सकता है। निरंतर सक्रियता के बाद भी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। कार्य विस्तार में चुनौतियाँ आ सकती है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के कारण मन थोड़ा अशांत हो सकता है। कई तरह की कार्य-योजनाये समय से पूरा न होने के कारण चुनौतियाँ बढ़ सकती है जिससे जातक तनाव या दबाव महसूस कर सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेगा यद्यपि सूर्य की स्थिति थोड़ा अनुकूल होने से जातक के कार्यों में चुनौतियाँ एवं व्यवधान कम आ सकते है लेकिन कार्य की अधिकता एवं जिम्मेदारियाँ जातक को तनाव दे सकती है। जातक अपनी सूझ-बूझ से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर ला सकता है जिससे चुनौतियाँ कम हो सकती है और जातक के कार्यों को गति मिल सकती है। इस सप्ताह सरकारी सेवा में लगे जातकों का समय मिला-जुला रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ जातक कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उत्साहित बना रह सकता है लेकिन कुछ कार्यों में परेशानियाँ एवं व्याधान आने से तनावपूर्ण स्थितियाँ जातक के लिए बनी रह सकती है। जातक अपनी सक्रियता एवं कुशलनीति से स्थितियों को अनुकूल बना सकता है जिससे जातक को राहत मिल सकती है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह मिला-जुला रह सकता है। जातक को बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य भी जातक का साथ दे सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है एक-दूसरे के प्रति विश्वास जाग्रित हो सकता है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। घूमने-फिरने एवं विदेश यात्रा का भी सुख जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने से बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते हैं। अनेक तरह की चुनौतियों को अपनी सूझ-बूझ एवं परिश्रम से जातक पटरी पर ला सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में थोड़ी वृद्धि हो सकती है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। किसी प्रतियोगिता में जातक के सफल होने का योग बन सकता है। कार्य-व्यापार में भी जातक अपनी सक्रियता से उन्नति कर सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि संघर्ष की अधिकता रह सकती है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से कई तरह के चुनौतीपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने या पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। निरंतर सक्रियता एवं कार्य-योजनाये जातक को गतिशील बना सकती है इसलिए जातक सक्रिय बना रहे। धर्म-कर्म में भी जातक की रूचि बढ़ सकती है। इस सप्ताह जातक को खूब परिश्रम करना पड़ सकता है लेकिन इस परिश्रम से जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। धीरे-धीरे शनि की शाढ़े-शाती उतर जाने के कारण जातक अधिक सक्रिय हो सकता है। जातक अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। निरंतर परिश्रम और सक्रियता जातक को अधिक कार्य-कुशल बना सकती है और जातक कई महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार देने में सफल हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है पूंजी निवेश करने से बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल बना रहेगा। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के दूर चले जाने के कारण जातक राहत महसूस कर सकता है। शनि की शाढ़े-शाती धीरे-धीरे कम होने से जातक थोड़ा राहत महसूस करने लगेगा। इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार देने का अवसर जातक को मिल सकता है। जामीन-जायदाद एवं ठेकेदारी में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। जातक यदि सक्रिय बना रहेगा तो अधिक लाभ कमाना में जातक को सफलता मिल सकती है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी सक्रियता से कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है लेकिन कुछ परेशानियाँ एवं चुनौतियाँ जातक पर दबाव बनाये रख सकती है। घरेलू कार्य-योजनाओं में भी जातक को सफलता मिल सकती है लेकिन थोड़ा पारिवारिक मत-भेद के कराण जातक को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। घर मे कोई मंगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह मिला-जुला रहेगा सोच-समझकर पूंजी निवेश करें।

# अमृतसर में मंदिर के बाहर विस्फोट

## विपक्ष ने 'आप' सरकार की आलोचना की

**अमृतसर :** अमृतसर में एक मंदिर के बाहर हुए विस्फोट से इसकी दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और खिड़कियों के शीशे टूट गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने मंदिर की ओर विस्फोटक उपकरण फेंका। पंजाब पुलिस ने कहा कि उसे ठाकुरद्वार मंदिर पर हमले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) की भूमिका पर संदेह है और उसने दोषियों को शीघ्र पकड़ने का संकल्प लिया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे अमृतसर के खंडवाला क्षेत्र के निवासियों में दहशत फैल गई है।



पिछले चार महीनों में अमृतसर और गुरदासपुर में पुलिस चौकियों को निशाना बनाकर विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन मंदिर पर इस तरह का यह पहला हमला है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह घटना आप सरकार के तहत बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाती है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह आप सरकार के तहत कानून और व्यवस्था के पतन का सबूत है। भाजपा ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की, जबकि कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा ने गृह विभाग संभाल रहे मुख्यमंत्री मान के इस्तीफे की मांग की। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे ठाकुर द्वार मंदिर के पुजारी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर ठाकुर द्वार मंदिर की ओर आते हुए दिखाई देते हैं। कुछ सेकंड रुकने के बाद उनमें से एक व्यक्ति मंदिर की ओर कुछ विस्फोटक सामग्री फेंकता दिखता है और फिर वे मौके से भाग जाते हैं। भुल्लर ने कहा कि पुलिस टीम विस्फोट में शामिल लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## प्रयागराज की कपड़ा फाड़ होली में शामिल हुए जिलाधिकारी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की अनोखी कपड़ा फाड़ होली का शनिवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ और पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने भी आनंद उठाया। नगर के प्रसिद्ध लोकनाथ चौराहे के पास स्थित कोतवाली के बाहर डीसीपी (नगर) अभिषेक भारती के साथ कपड़ा फाड़ होली देखने आए मांदड़ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैंने पहली बार ऐसी होली देखी, जिसमें हर कोई मस्ती के रंग में सराबोर होकर एक-दूसरे के कपड़े फाड़ता है। उन्होंने बताया कि इस होली में खास बात देखने को मिली कि कपड़े फाड़े जाने से कोई भी आहत नहीं होता और हर कोई रंग और पानी की बौछार में नाचता-गाता है। लोकनाथ चौराहे पर आभूषण की दुकान चलाने वाले कुलदीप यादव ने बताया कि दो दिन तक चलने वाली कपड़ा फाड़ होली में चौक ही नहीं, पूरे शहर से लोग शामिल होने आते हैं और होली खेलने के बाद अर्धनग्न स्थिति में वापस घर जाते हैं। उन्होंने बताया कि होली खत्म होने के बाद हर तरफ बिजली के तारों पर आपको कपड़े टंगे दिखेंगे और कपड़ों की संख्या बताती है कि लोगों ने कितनी जमकर होली खेली है। इस आयोजन के लिए चौक के युवा और व्यापारी हफ्तों से तैयारी करते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी अभय अवस्थी बताते हैं कि चौक की कपड़ा फाड़ होली की परंपरा 1957 में शहर के दक्षिणी क्षेत्र से विधायक छुन्नन गुरु के समय शुरू हुई। कहा जाता है कि कांग्रेस नेता सुनीत व्यासजी एक बार धोती-कुर्ता पहनकर छुन्नन गुरु से होली मिलने आए। अवस्थी ने बताया कि होली के जोश में छुन्नन गुरु के चेलों ने व्यासजी का धोती-कुर्ता फाड़कर बिजली के तार पर टांग दिया। इसके बाद व्यासजी के समर्थकों ने भी गुरु की धोती और बंडी फाड़कर तार पर टांग दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेता केले का पत्ता लपेटकर अपने-अपने घर को लौटे।

### उत्तर प्रदेश: गीजर से निकली गैस के संपर्क में आने से पति-पत्नी की मौत

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गीजर से निकली गैस के संपर्क में आने से दंपति की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के मोहल्ला छोटा बाजार निवासी नवीन गुप्ता (40) और उनकी पत्नी कविता (38) शुक्रवार शाम को होली खेलने के बाद बाथरूम में रंग साफ कर रहे थे कि तभी वे दोनों गीजर से निकली गैस के संपर्क में आकर बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे पड़ोसी तुरंत दोनों को स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये, जहां से उन्हें मेरठ के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झारखंड के गिरिडीह में झड़प : 22 आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** झारखंड के गिरिडीह जिले में होली जुलूस के दौरान हुई झड़प में कथित रूप से संलिप्त 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरिडीह के घोड़थंबा इलाके में शुक्रवार को जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए और कई दुकानों और वाहनों को आग लगा दी गई। खोरीमहुआ अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राजेंद्र प्रसाद ने बताया, ''मामले के संबंध में दोनों पक्षों के कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'' उन्होंने बताया कि झड़प के दौरान चार अस्थायी दुकानें, पांच मोटरसाइकिलें और दो चार पहिया वाहन आग के हवाले कर दिए गए। इससे पहले गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिमल कुमार ने कहा था कि झड़प में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए तलाश जारी है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'' कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

## 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने के लिए कृत संकल्पित है केंद्र : केंद्रीय मंत्री मेघवाल

**जयपुर :** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने के लिए कृत संकल्पित है। मेघवाल यहां एक निजी विश्वविद्यालय के नये अकादमिक खंड का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार 'एक देश, एक चुनाव' लागू करने के लिए कृत संकल्पित है। वर्ष 1952, 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। मेघवाल ने 'एक देश, एक चुनाव' को देशहित में बताया। उन्होंने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' को निर्वाचन आयोग, हमारी समितियों, नीति आयोग के समूह और फिर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति ने अपनी सहमति दी है और केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी इसे मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया गया, जो अभी संयुक्त संसदीय समिति के पास विचाराधीन है और इस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। कार्यक्रम से इतर मीडिया के एक सवाल के जवाब में मेघवाल ने कहा, कुछ ऐसे दल हैं, जो तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तुष्टिकरण के बजाय संतुष्टिकरण पर बल देते हैं।

## सशक्त, विकसित देश-प्रदेश के निर्माण में आधी आबादी की अहम भूमिका : शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि सशक्त और विकसित देश-प्रदेश बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है और आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास की यात्रा अधूरी है। शर्मा यहां जवाहर कला केंद्र में 'शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन' महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में भी शक्ति के लिए मां दुर्गा, धन के लिए मां लक्ष्मी और बुद्धि के लिए मां सरस्वती की उपासना करने की परंपरा रही है। शर्मा ने कहा कि यह शक्ति वंदन महोत्सव महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में हमारे महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है और हमारी सरकार राज्य में महिलाओं को विकासोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने जीवन और कार्यों से एक स्थायी विरासत छोड़ी। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महेश्वर में स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास कर दुनिया को महेश्वर साड़ी की सौगात दी। वह एक साहसी योद्धा, सक्षम प्रशासक और सनातन संस्कृति की समर्पित संरक्षिका थीं।

## तेज प्रताप ने पुलिसकर्मी से कहा, ठुमका नहीं लगाओगे तो सस्पेंड कर दिए जाओगे

**पटना :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव शनिवार को उस समय एक नये विवाद में घिर गए, जब उन्होंने एक पुलिसकर्मी को आदेश दिया कि अगर उसने ठुमका नहीं लगाया, तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ेगा। हसनपुर से विधायक तेज प्रताप के आधिकारिक आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा किया जा रहा है, जिसमें एक पुलिसकर्मी को उनके कहने पर नाचते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में तेज प्रताप एक अस्थायी मंच पर रखे सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनके हाथ में माइक है। वह पुलिसकर्मी से यह कहते दिखाई दे रहे हैं, ऐ सिपाही, ऐ दीपक, अभी एक गाना बजाएंगे, जिस पर तुमको ठुमका लगाना पड़ेगा। नहीं लगाओगे, तो तुमको



सस्पेंड कर देंगे। बुरा न मानो होली है। वीडियो में नजर आ रहा है कि वर्दीधारी पुलिसकर्मी तेज प्रताप की बात का बुरा नहीं मानता, लेकिन वह ठुमका लगाने के बजाय उन्हें खुश करने के लिए अपना दाहिना हाथ हवा में लहराता है। समारोह में तेज प्रताप ने अपने पिता द्वारा आयोजित की जाने वाली कपड़ा फाड़ होली की याद दिलाते हुए अपने से मिलने आए समर्थकों के कपड़े फाड़े। वह अपने घर के पास से गुजरने वाली सड़क पर स्कूटर चलाते हुए और जोर-जोर से हैप्पी होली पलटू चाचा कहते भी दिखाई दिए।

### भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी बिहार के काराकाट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी

सासाराम : भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने शनिवार को कहा कि वह इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में काराकाट सीट से किस्मत आजमाएंगी। रोहतास जिले में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची ज्योति ने चुनाव लड़ने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, देखिए चुनाव तो कोई भी लड़ सकता है और पवन सिंह जी तो लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इस बार हम दोनों चुनाव लड़ने जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों पति-पत्नी एक ही पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे, ज्योति ने कहा, जी बिल्कुल। अगर हमें मौका मिलता है, तो यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात होगी। पवन सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, रिश्ते में समय निकालना पड़ता है। मुझसे जितना हो पाएगा, मैं करूंगी। मैंने पहले भी किया है और आगे भी करूंगी। अगर वह विधानसभा चुनाव लड़ते हैं, तो मैं हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहूंगी। पवन सिंह ने साल 2024 में संपन्न लोकसभा चुनाव में बिहार के काराकाट क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर किस्मत आजमाई थी। हालांकि, उन्हें भाकपा माले के उम्मीदवार राजा राम सिंह के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं : योगी

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर गरीबों की जमीन पर किसी ने कब्जा किया है, तो उस जमीन को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। योगी ने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को बख्शा न जाए और उनके खिलाफ कानून के हिसाब से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। गोरखपुर में होली मनाने के बाद योगी शनिवार सुबह गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे। इस दौरान



करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## रांची में दो लोगों के शव मिले, पत्थर मारकर हत्या की आशंका

**रांची :** रांची के दो अलग-अलग इलाकों से दो व्यक्तियों के शव बरामद किए गए जिनकी पत्थर मारकर हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, एक शव शनिवार सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के बनास तालाब के पास मिला जबकि दूसरा शव शुक्रवार शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में किशोरगंज चौक और बड़ा तालाब के बीच एक टेंट हाउस के पास बरामद हुआ। पुलिस उपाधीक्षक कुमार वी. रमन ने बताया कि तालाब के पास मिला शव दीपक नामक व्यक्ति का है जो बिहार का निवासी था और वह रांची में किराए के मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दूसरा शव कबाड़ बीनने वाले एक व्यक्ति का है, लेकिन उसके नाम और पते के बारे में जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है।

## यूपी : विश्वविद्यालय में बिना इजाजत नमाज पढ़ने पर मुकदमा दर्ज

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस ने एक निजी विश्वविद्यालय में बिना इजाजत सार्वजनिक रूप से नमाज पढ़े जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के छात्र खालिद प्रधान उर्फ खालिद मेवाती की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किए जाने के बाद यह घटना सुर्खियों में आई। वीडियो में छात्र विश्वविद्यालय परिसर में नमाज अदा करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय हिंदू समूहों ने इस घटना को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया है। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले को लेकर खालिद प्रधान और तीन सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया है। गंगा नगर थाने



के प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि कार्तिक हिंदू नामक व्यक्ति की शिकायत पर खालिद मेवाती के इंस्टाग्राम पेज खालिद प्रधान 302 के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय हिंदू समूह बड़ी संख्या में छात्रों के शामिल होने और होली के त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर जानबूझकर वीडियो को साझा किए जाने का हवाला देते हुए खालिद की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि आंतरिक जांच में पाया गया है कि प्रशासन की इजाजत के बिना परिसर में नमाज पढ़ने और इसका वीडियो वायरल करने का उद्देश्य विश्वविद्यालय में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना प्रतीत होता है। शर्मा के मुताबिक, इस मामले में जांच समिति ने मुख्य आरोपी खालिद को उसका पक्ष रखने के लिए बुलाया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3033

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| 23 | | 24 | | | ■ | | ■ | 25 | |
| | ■ | | ■ | 26 | 27 | | 28 | | ■ |
| 29 | | | | ■ | | ■ | 30 | | |

⊃ *बायें से दायें*:- 2) वयस्क; विवेकी; दूरदर्शी, 4) गर्भाशय, 7) करज; करकंटक, 9) संन्यासी, 10) रुचिकरता; रसीलापन, 12) गुदांकुर; *जौंडिस*, 14) नई माँ; प्रसूता, 15) खाली; रिक्त, 17) प्रस्थान, 20) छाला *(जलन)*, 21) वर्तमान में; इस दिनों, 23) करुणानिधान, 25) राधेय, 26) रोगी की सेवा; *नर्सिंग*, 29) रसोइया, 30) सिंह.

⊃ *ऊपर से नीचे*:- 1) एक के पीछे एक; क्रमिक, 2) पक्का रास्ता, 3) विविध, 4) कृष्ण, 5) न्यायालय में उपस्थित किया हुआ, 6) लोकव्यवहार नियम; युक्ती; कार्यदिशा; *पालिसी*, 8) अच्छा; अत्यधिक, 11) खिलावट; चुस्ती; प्रफुल्लता, 13) शरीफा, 16) कलात्मक, 18) घटना, 19) ऋणशुल्क, 21) वह गीत जो पूजा के समय पढ़ा जाता है, 22) अपराध, 23) पक्षीशाला; मुरगीख़ाना, 24) तर्कसंगत; तथ्यात्मक, 25) निकट, 27) अर्थ; मतलब, 28) बोझ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | बं | दा | ■ | त | र | स | ■ | प |
| ना | ■ | ज | ल | म | य | ■ | त | स्क | र |
| प | नी | र | ■ | खौ | ■ | बे | ल | ■ | हे |
| श | ■ | ■ | म | ल | ■ | स | ज | धा | ज |
| ना | जा | य | ज | ■ | भा | र | ■ | र | ■ |
| प | र | ■ | बू | दा | र | ■ | त | ना | व |
| ■ | ज | ठ | र | ■ | त | मा | म | ■ | फ़ा |
| बाँ | ■ | स | न | क | ■ | लू | ■ | ■ | ■ |
| ह | ल | का | ■ | ल | स्ट | म | प | स्ट | म |

⊃ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2993

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | | | | 6 | | |
| | | | | | 5 | | 7 | |
| | | | | 9 | | | | |
| 2 | | | 6 | 8 | | | | |
| | | | | | | | 5 | 1 |
| | | | | | | | | |
| | 5 | 7 | | | 3 | | | |
| | | | 7 | | | 8 | | |
| | 1 | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 2992 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 |

# 'मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने की कोशिश कर रही भाजपा'

## अभिषेक बनर्जी ने निर्वाचन आयोग की भूमिका पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को राज्य में चुनाव कराने में चुनाव आयोग (ईसी) की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया कि वह चुनाव आयोग का उपयोग करके मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने की कोशिश कर रही है। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से चुनाव आयोग की स्वतंत्र भूमिका प्रभावित हुई है। उन्होंने पार्टी की आगामी 2026 विधानसभा चुनावों की रणनीति और राज्य में मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का पता लगाने के



प्रयासों पर चर्चा के लिए आयोजित एक वर्चुअल बैठक में यह बात कही। उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां चुनाव जीतने के लिए चार महीनों में 39 लाख फर्जी मतदाता जोड़े गए। अभिषेक बनर्जी ने टीएमसी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने का आह्वान किया और कहा कि 16 अप्रैल से सत्यापन कार्य शुरू होगा और किसी भी हेराफेरी को रोकना होगा। उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की योजना बनाई, ताकि जमीनी नेता मतदाता सूची का सही तरीके से सत्यापन कर सकें। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों में जिला समितियां बनाई जाएंगी, 21 मार्च से ब्लॉक स्तर की समितियां और 28 मार्च से 3 अप्रैल तक अंचल और वार्ड समितियां गठित की जाएंगी। अभिषेक बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना की स्थिति के बावजूद चुनाव आयोग ने कई चरणों में चुनाव कराए, और भाजपा की मदद के लिए जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों का तबादला किया। उन्होंने 'लक्ष्मी भंडार' योजना की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र की मदद के बिना भी राज्य ने इस योजना को चलाया और यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाई। उन्होंने भाजपा पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव से पहले पैसे देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में बजट में कटौती कर दी गई। उन्होंने टीएमसी नेताओं से उन क्षेत्रों पर फोकस करने का आग्रह किया, जहां पिछले चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। साथ ही, उन्होंने मतदाता सूची की गहन जांच को प्राथमिकता देने की बात कही।

# पूर्व फुटबॉलर पीके बंद्योपाध्याय के घर में नौकर की हत्या, ड्राइवर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी पीके बंद्योपाध्याय के सॉल्टलेक स्थित घर में नौकर की हत्या कर दी गई है। इस हत्या के आरोप में पुलिस ने घर के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि शराब पीने के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गई। पीके बंद्योपाध्याय के निधन के बाद उनकी बेटियां सॉल्टलेक के जीडी ब्लॉक स्थित घर में रहती हैं। हालांकि, घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान घर के नौकर गुपीनाथ प्रहराज और ड्राइवर बरुण घोष ने शराब पीने की महफिल जमाई। पुलिस के अनुसार, शराब पीते वक्त दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच, बरुण घोष किचन में गया और वहां से एक तेज धारदार चाकू लेकर आया। आरोप है कि इससे पहले कि गुपीनाथ कुछ समझ पाता, बरुण ने



उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जब घटना की जानकारी पुलिस को मिली, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल नौकर को उठाकर बिधाननगर महकमा अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बिधाननगर दक्षिण थाने की पुलिस ने आरोपित ड्राइवर बरुण घोष को गिरफ्तार कर लिया है और शनिवार को उसे अदालत में पेश किया गया। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर दोनों के बीच विवाद किस कारण हुआ। साथ ही, जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या पहले से दोनों के बीच कोई दुश्मनी थी। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपित से पूछताछ के बाद मामले की सच्चाई सामने आएगी।

## निर्वाचन आयुक्त की बैठक अपनी कमियों को छिपाने का प्रयास : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने पर चर्चा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक अपनी कमियों को छिपाने का एक उपाय है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि 'डुप्लिकेट' ईपीआईसी क्रमांकों पर निर्वाचन आयोग द्वारा पहले जारी किए गए बयान और अब बुलाई गई यह बैठक अपनी कमियों को छिपाने का एक उपाय है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव तक कड़ी निगरानी रखेगी। घोष ने कहा कि पहले तीन बयान जारी किया जाना। अब यह बैठक। यह सिर्फ अपनी कमियों को छिपाने का एक उपाय है। हम चुनाव तक कड़ी निगरानी रखेंगे।

# पार्टी के शो कॉज का जवाब देने के बावजूद हुमायूं कबीर का अड़ियल रुख बरकरार

❑ **तृणमूल विधायक ने माफी मांगने से किया इनकार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भड़काऊ बयानबाजी को लेकर विवादों में घिरे तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर ने पार्टी की ओर से भेजे गए कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगेंगे क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने पार्टी अनुशासन का उल्लंघन किया है। हुमायूं कबीर ने साफ शब्दों में कहा है कि उनके लिए उनका मजहब पार्टी से बढ़ कर है। बता दें कि शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा था, जिसमें 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा गया था। हुमायूं ने पहले सोमवार तक का समय मांगा था,



लेकिन शनिवार की सुबह ही उन्होंने अपना जवाब तृणमूल के अनुशासन समिति के चेयरमैन व संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय को भेज दिया। उल्लेखनीय है कि हुमायूं कबीर ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की कुछ टिप्पणियों के जवाब में उग्र और भड़काऊ बयान दिया था। उनके बयान को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने उनसे सफाई मांगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद हुमायूं को कारण बताओ नोटिस भेजने का निर्देश दिया था। हुमायूं कबीर ने कहा कि उन्हें एक पन्ने का कारण बताओ नोटिस भेजा गया था, लेकिन उन्होंने उसका दो पन्नों में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मुझे एक पन्ने का नोटिस भेजा गया था और मैंने उसका तीन पन्नों में जवाब दिया था। मैंने साफ कर दिया कि मेरे लिए पार्टी से पहले मेरी जाति आती है। हुमायूं ने बताया कि उनके 10 मिनट 29 सेकेंड के बयान में से सिर्फ 31 सेकेंड के एक वीडियो को लेकर पार्टी ने उनसे सफाई मांगी। उन्होंने कहा कि मुझे केवल सात लाइनों में जवाब देने को कहा गया कि मेरे 31 सेकेंड के बयान से पार्टी की छवि खराब हुई है। लेकिन मैं नहीं मानता कि मैंने कोई अनुशासन तोड़ा है। हुमायूं कबीर ने कहा कि मैंने किस संदर्भ में बयान दिया, क्यों दिया, इसकी पूरी जानकारी अपने जवाब में दी है। मैं अपने रुख पर कायम हूं। मैं तृणमूल कांग्रेस का सदस्य हूं, लेकिन पार्टी से पहले मेरा मजहब है। अगर मेरे मजहब को लेकर कोई कुछ कहेगा, तो मैं चुप नहीं रहूंगा। मैंने माफी नहीं मांगी और आगे भी नहीं मांगूंगा। पार्टी को जो करना है, करे। शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने हुमायूं के जवाब को स्वीकार करते हुए कहा कि हमें पीडीएफ मिल गया है। अब इसकी हार्ड कॉपी तैयार कर अनुशासन समिति को भेजा जाएगा। उसके बाद पार्टी आगे का फैसला लेगी।

## बंगाल भाजपा ने 25 जिलों में बदले अध्यक्ष, 15 नए चेहरे को मिला मौका

❑ **अगले सप्ताह प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा होने की संभावना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल भाजपा ने शुक्रवार को राज्य में 25 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों की सूची घोषित की। नवनिर्वाचित 25 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों में से 15 नए चेहरे हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि शेष 18 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। बता दें कि राज्य में भाजपा के संगठनात्मक जिलों की कुल संख्या 43 है, जिसमें पूरे राज्य में 42 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और 294 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा कि एक बार संगठनात्मक जिला अध्यक्षों की अंतिम और कुल सूची घोषित हो जाने के बाद, राज्य में पार्टी के नए राज्य अध्यक्ष की महत्वपूर्ण घोषणा की जाएगी। पार्टी के राज्य महासचिव और विधायक दीपक बर्मन, जो आंतरिक संगठनात्मक चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर थे, द्वारा जारी 25 नवनिर्वाचित संगठन जिला अध्यक्षों की सूची के अनुसार, जिन 25 संगठनात्मक जिलों के नए अध्यक्ष चुने गए हैं, उनमें से छह उत्तर बंगाल से हैं और शेष 19 दक्षिण बंगाल से हैं।

# होली के दिन नदिया में भीषण सड़क दुर्घटना, तीन बच्चों समेत पांच की मौत व आठ घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के चापड़ा में शुक्रवार को एक भयानक सड़का हादसा हुआ। इस दौरान, तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस दौरान, आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब पूरा राज्य होली के त्योहार या डोल यात्रा के जश्न में डूब गया था। इस दुर्घटना में बैटरी से चलने वाले ई–रिक्शा दूसरी ओर से आ रहे तेज गति वाले चार पहिया वाहन जा टकराया। जिला पुलिस अधिकारी के अनुसार, ई–रिक्शा में सवार यात्री नकाशीपाड़ा का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में ईद के त्योहार को लेकर वह बाजार से कुछ सामान खरीदने के लिए चापड़ा आया था। अधिकारी के अनुसार, जब वह रिक्शा से नकाशीपाड़ा से वापस आ रहा था तो चार पहिया वाहन से उनकी आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। यह टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बच्चों तत्काल मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना कृष्णानगर–करीमपुर राज्य राजमार्ग के करीब एक पेट्रोल पंप के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने शुरुआती बचाव अभियान की चलाया और बाद में, चापड़ा पुलिस थाने के कर्मी उनके साथ आ गए। बचाव अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले एक स्थानीय निवासी ने बताया कि पहले तीन बच्चों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इस दौरान, दस अन्य कुछ गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें चापड़ा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में, सूचना मिली कि दस में से दो की अस्प–ताल में मौत हो गई। उन्होंने जानकारी दी कि चार पहिया वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। इससे टक्कर का प्रभाव और अधिक हो गया। इस बीच, जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को करीब के शक्तिनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**Name Change**

I Musamat Raheema Khatoon W/o Giyasuddin Mullick R/o Alipur Dakshinpara Jangal-para Bazar, Alipur, Hooghly, West Bengal - 712701, have changed my name to Rohima Begum

# कमरहट्टी गोलीकांड का मुख्य आरोपी आसनसोल से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के कमरहट्टी में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विकास सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी इंदल यादव को शुक्रवार की सुबह आसनसोल से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के अधिकारियों की एक टीम इंदल यादव की तलाश कर रही थी, क्योंकि उसका नाम उन तीन लोगों में शामिल था, जो 8 मार्च की शाम को दोपहिया वाहन पर सवार होकर आए और चाय की दुकान पर मौजूद सिंह पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि इंदल न्यूटाउन में एक भोजनालय में काम करता था और घटना के तुरंत बाद बिहार चला गया था। वह अपने कुछ परिचितों के यहां शरण लेने के लिए सीवान पहुंचा था और जिले में जगह बदलता रहा। बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस टीम बिहार पहुंची, तो इंदल सीवान जिले से आसनसोल चला गया। शुक्रवार को उसे आसनसोल में एक स्थान पर ट्रैक किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। इंदल की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा विक्की यादव को कमरहट्टी से गिरफ्तार करने के चार दिन के भीतर हुई है, जिस पर आरोप है कि उसने इंदल के साथ मिलकर 8 मार्च को बेलघरिया में एक चाय की दुकान तक पहुंचने के लिए उसकी मोटरसाइकिल मुहैया कराई थी।

# बंगाल में खोया आधार हासिल करना माकपा का लक्ष्य : प्रकाश करात

❑ **माकपा ने कहा... 'तृणमूल–भाजपा के खिलाफ एकजुट होगा वामपंथी मोर्चा'**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता प्रकाश करात ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खोया हुआ आधार वापस पाने और तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ वामपंथी और लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने की कोशिश करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। इस दिन, करात ने कहा कि पश्चिम बंगाल में माकपा का आधार खोना ही उसकी घटती चुनावी ताकत की मुख्य वजह है। उन्होंने बताया कि पार्टी ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के बीच काम कर रही है, ताकि अपने पारंपरिक समर्थन आधार को फिर से हासिल किया जा सके। पश्चिम बंगाल में पार्टी की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर माकपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि हाल ही में, युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। खासकर, कोलकाता के आरजीकर दुष्कर्म और हत्या मामले के विरोध में युवाओं ने सक्रियता से बड़ी भूमिका निभाई। आरजीकर के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को लेकर उन्होंने कहा कि हम केवल अपनी पार्टी की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि सभी वामपंथी और प्रगतिशील ताकतें सामने आईं और उन्होंने युवाओं को बड़े पैमाने पर संगठित किया। उन्होंने कहा कि हम उन वर्ग के लोगों के बीच अपना प्रभाव फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनका समर्थन हमने खो दिया था। अब हमें अहसास हो गया है कि हमें ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के बीच कड़ी मेहनत करनी चाहिए। वह हमारा मुख्य आधार था। इसलिए हमने योजना बनाई है। कुछ प्रगति हुई है। करात ने दावा किया कि माकपा ने संगठन के रूप में खुद को फिर से संगठित और व्यवस्थित किया है। हालांकि, अभी तक कोई चुनावी कामयाबी नहीं मिली है।

❑ **'कांग्रेस के साथ गठबंधन पर अभी नहीं हुई चर्चा'**

वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच गठबंधन के सवाल पर करात ने कहा, पिछली बार हमारा कांग्रेस के साथ समझौता था। मुझे नहीं पता कि इस बार ऐसा होगा या नहीं। अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी टीएमसी और भाजपा दोनों के खिलाफ विधानसभा चुनाव में ठोस प्रयास करेगी और वामपंथी व लोकतांत्रिक ताकतों को एक विकल्प के रूप में पेश करने के लिए एकजुट करेगी।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : कोर्ट ने पार्थ चटर्जी के दामाद को सरकारी गवाह बनाने की दी मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर की एक विशेष अदालत ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य के स्कूल जॉब केस में 'अप्रूवर' (सरकारी गवाह) बनने के आवेदन को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि कल्याणमय भट्टाचार्य, जिन्हें स्कूल जॉब केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चार्जशीट (बाद में) में आरोपी के रूप में नामित किया गया है, ने हाल ही में कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में एक आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने मामले में 'अप्रूवर' बनने की इच्छा व्यक्त की थी। सूत्रों ने कहा कि विशेष अदालत की मंजूरी आखिरकार मिल गई है और अदालत के आदेश के अनुसार, कल्याणमय भट्टाचार्य द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिया गया 'गोपनीय बयान' अब दर्ज किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए जाने वाले कल्याणमय भट्टाचार्य के गोपनीय बयान से जांच अधिकारियों को पार्थ चटर्जी के खिलाफ मामले को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

**रक्सौल एवं कोलकाता तथा दरभंगा एवं कोलकाता के बीच होली स्पेशल ट्रेनें**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **रक्सौल एवं कोलकाता** तथा **दरभंगा एवं कोलकाता** के बीच नीचे उल्लेखित होली स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**05506/05505 रक्सौल-कोलकाता-रक्सौल होली स्पेशल**

| रक्सौल-कोलकाता | | | 05506 05505 | कोलकाता-रक्सौल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि |
| 16.03.25 | - | 09.00 | ↓ रक्सौल | 04.00 | - | 18.03.25 |
| | 19.40 | 19.50 | भागलपुर | 16.20 | 16.30 | 17.03.25 |
| 17.03.25 | 00.58 | 01.00 | रामपुरहाट | 12.03 | 12.05 | |
| | 02.36 | 02.38 | बर्द्धमान | 09.58 | 10.00 | |
| | 05.50 | - | कोलकाता ↑ | - | 07.25 | |

उपरोक्त ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, बेगुसराय, साहेबपुर कमाल, मुंगेर, बरियारपुर, सुल्तानगंज, कहलगाँव, साहिबगंज, बड़हरवा, बोलपुर शांतिनिकेतन, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: रक्सौल से - 05506** दिनांक 16.03.2025 (रविवार) एवं **कोलकाता से - 05505** दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) = 1 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-6, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस)-4, एलएसएलआरडी-1, पावर कार-1 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**05512/05511 दरभंगा-कोलकाता-दरभंगा होली स्पेशल**

| दरभंगा-कोलकाता | | | 05512 05511 | कोलकाता-दरभंगा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि |
| 17.03.25 | - | 12.05 | ↓ दरभंगा | 00.20 | - | 19.03.25 |
| | 17.30 | 17.32 | सुल्तानगंज | 16.52 | 16.54 | 18.03.25 |
| | 21.20 | 21.22 | साहिबगंज | 14.48 | 14.50 | |
| 18.03.25 | 01.48 | 01.50 | बोलपुर शांतिनिकेतन | 10.50 | 10.52 | |
| | 03.58 | 04.00 | बैण्डेल | 08.53 | 08.55 | |
| | 05.50 | - | कोलकाता ↑ | - | 07.25 | |

उपरोक्त ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में समस्तीपुर, बरौनी, बेगुसराय, साहेबपुर कमाल, मुंगेर, बरियारपुर, भागलपुर, कहलगाँव, बड़हरवा, रामपुरहाट, बर्द्धमान एवं नैहाटी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिन: दरभंगा से - 05512** दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) एवं **कोलकाता से - 05511** दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) = 1 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-4, शयनयान श्रेणी-9, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-3, एसएलआरडी-2 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# फर्जी पासपोर्ट मामले में चार्जशीट दाखिल, 120 आरोपी बांग्लादेशी नागरिक

**कोलकाता :** लालबाजार के खुफिया विभाग ने गुरुवार को फर्जी पासपोर्ट मामले में चार्जशीट दाखिल की। 130 पन्नों की इस चार्जशीट में बताया गया है कि कुल 130 आरोपियों में से 120 बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिन्हें फरार घोषित किया गया है। बाकी 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी में से एक पूर्व एसआई अब्दुल हाई हैं, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए थे। इसके अलावा, चार्जशीट में समरेश विश्वास, उनके बेटे रिपन विश्वास, दीपंकर दास, मनोज गुप्ता और दीपक मंडल जैसे नाम भी शामिल हैं।

यह मामला पहली बार 12 दिसंबर को तब सामने आया जब पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की। अब तक कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से 8 आरोपी 17 मार्च तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे, जबकि 2 को जमानत मिल चुकी है। चार्जशीट में जिन 120 बांग्लादेशी नागरिकों का नाम दर्ज है, उन पर फर्जी दस्तावेज जमा कर पासपोर्ट बनवाने का आरोप है।

इस मामले के प्रमुख आरोपी अब्दुल हाई को साल की शुरुआत में हाबड़ा के अशोकनगर से गिरफ्तार किया गया था। 61 वर्षीय अब्दुल हाई कोलकाता पुलिस के सिक्योरिटी कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े थे और हाल ही में एसआई पद से रिटायर हुए थे। उन पर 150 फर्जी पासपोर्ट मामलों में से 52 की जांच अधिकारी होने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि वह इस पूरे नेटवर्क के कई लोगों को जानते थे और पासपोर्ट बनाने में मदद के बदले प्रति पासपोर्ट 25,000 रुपये लेते थे।

जांच के दौरान पुलिस को राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, एसबीआई और इंडियन बैंक की सील, कई भारतीय पासपोर्ट की फोटोकॉपी और ब्रिटेन के वीजा की प्रतियां मिली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह नेटवर्क सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सक्रिय था। लंबे समय की जांच के बाद अब लालबाजार के खुफिया विभाग ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

# समग्र शिक्षा अभियान की बकाया राशि के लिए राज्य ने केंद्र को लिखा पत्र

**कोलकाता :** मनरेगा योजना के तहत 100 दिनों के काम की राशि पहले से ही रोक दी गई है, जिससे विभिन्न सामाजिक योजनाओं, ळप–लर्श्रीवळपस आवास योजना, को प्रभावित किया गया है। अब इस वित्तीय संकट का असर शिक्षा क्षेत्र पर भी पड़ने लगा है। पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार पर बार–बार बकाया धनराशि रोकने का आरोप लगाया है। इसी क्रम में, राज्य सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत लंबित राशि जारी करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है।

नबान्न सूत्रों के अनुसार, पिछले दो वित्तीय वर्षों, 2023–24 और 2024–25, में केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के लिए कोई राशि जारी नहीं की है। इसके चलते राज्य को केंद्र से मिलने वाले 3,175 करोड़ रुपये अब तक नहीं मिले हैं। इस फंड का उपयोग राज्य के स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाता है।

राज्य सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि यदि पश्चिम बंगाल पीएम श्री योजना से नहीं जुड़ता है, तो समग्र शिक्षा अभियान की राशि भी जारी नहीं की जाएगी। इस योजना के तहत केंद्र सरकार 60% और राज्य सरकार 40% योगदान देती है। केंद्र से फंड न मिलने के कारण राज्य सरकार को स्कूलों के विकास के लिए आवश्यक बजट बढ़ाने में कठिनाई हो रही है। इससे प्रदेश के स्कूलों के बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक योजनाओं पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

# राम नवमी पर निकाली जाएंगी दो हजार शोभायात्रा, एक करोड़ हिंदू होंगे शामिल : शुभेंदु अधिकारी

❑ **कहा... 'शोभायात्रा निकालने के लिए प्रशासन से कोई अनुमति न लें'**

**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि छह अप्रैल को राज्य में राम नवमी के अवसर पर करीब दो हजार शोभायात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक करोड़ हिंदू शामिल होंगे। शुभेंदु अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने कहा कि राम नवमी के आयोजकों को शोभायात्राओं के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भगवान राम की पूजा



करने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। विपक्ष के नेता ने कहा कि पिछले साल करीब 50 हजार हिंदुओं ने राम नवमी एक हजार शोभायात्राओं में भाग लिया था। इस साल छह अप्रैल को राज्यभर में दो हजार शोभायात्राओं के जरिए एक करोड़ हिंदू सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा निकालने के लिए प्रशासन से कोई अनुमति न लें। हमें भगवान राम की पूजा करने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। हम शांतिपूर्ण रहेंगे, लेकिन यह सुनिश्चित करना प्रशासन का काम कि अन्य लोग भी शांति बनाए रखें। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी घोषणा की कि इस साल के अंत तक उनके निर्वाचन क्षेत्र सोनचुड़ा में एक राम मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

❑ **तृणमूल ने शुभेंदु पर धर्म और बांटने की राजनीति करने का लगाया आरोप**

हालांकि, इस बयान के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शुभेंदु पर धर्म और बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। तृणमूल नेता व मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि राज्य के लोग भाजपा के नेताओं के बयानों से प्रभावित नहीं होंगे। हर किसी को धार्मिक रीति–रिवाज और त्योहार मनाने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि रामकृष्ण, विवेकानंद, श्री चैतन्य और रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि पर लोग ऐसे भड़काऊ बयानों से प्रभावित नहीं होंगे। जो लोग राम नवमी की शोभा यात्रा निकालना चाहते हैं, वे निकालेंगे। शुभेंदु अधिकारी को उन्हें उकसाने की जरूरत नहीं है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नंदीग्राम में चार साल के छात्र के अपहरण की कोशिश, गृह शिक्षक समेत पांच गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदीग्राम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को एक गृह शिक्षक ने फीस नहीं मिलने पर चार साल के छात्र को ट्रॉली बैग में भरकर अगवा करने की कोशिश की। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित बचा लिया है और आरोपित शिक्षक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना नंदीग्राम के शिमूलकुंडु गांव की है, जहां गृह



शिक्षक संजय पति शुक्रवार को एक छात्र को पढ़ाने पहुंचे थे। छात्र के माता-पिता छोटे व्यापारी हैं और सुबह से अपने काम में व्यस्त थे। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपित शिक्षक ने मासूम को अगवा करने की साजिश रची। आरोप है कि गृह शिक्षक संजय ने बच्चा के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि वह आवाज न निकाल सके। इसके बाद, उसे एक ट्रॉली बैग में भरकर घर से बाहर निकलने लगे। लेकिन तभी, नौ साल की एक बच्ची ने आरोपित को देख लिया। जब बच्ची ने शोर मचाने की कोशिश की, तो संजय ने उसे पकड़कर हाथ-पैर बांध दिए और मौके से भागने की कोशिश की। कुछ देर बाद बच्ची की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। बच्ची ने लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद गांववालों ने आरोपित की तलाश शुरू की। खुद को फंसता देख गृह शिक्षक संजय घोलपुकुरिया इलाके में ट्रॉली बैग छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बेहोश हालत में छात्र को ट्रॉली बैग से बाहर निकाला। इसके बाद, पुलिस ने आरोपित संजय को गिरफ्तार कर लिया और उसके चार अन्य साथियों को भी हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में संजय ने अपनी साजिश कबूल कर ली। उसने बताया कि छात्र के पिता ने उससे 10 हजार रुपये उधार लिए थे, जो वे लौटा नहीं रहे थे। पैसे वसूलने के लिए उसके एक दोस्त ने बच्चे को अगवा कर माता-पिता पर दबाव बनाने की सलाह दी थी।

# कूचबिहार में होली के दिन नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कूचबिहार :** होली के त्योहार के दौरान कूचबिहार जिले में एक छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता का जलपाईगुड़ी सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। मेखलीगंज के पुलिस उपाधीक्षक आशीष पी सुब्बा ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने उसे फरार होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में उसके खिलाफ गहन जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता के माता-पिता द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार,



वह त्योहार मना रही थी, तभी आरोपी ने उसे पतंग उपहार में देने का लालच देकर अपने साथ चलने को कहा। हालांकि, पीड़िता के कुछ दोस्तों ने उसके साथ जाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें भगा दिया। इसके बाद, आरोपी पीड़िता को सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में, शाम को पीड़ित लड़की खून से लथपथ अपने घर वापस आई और उसे मेखलीगंज उप-मंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई, जिसके बाद माता-पिता ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए जलपाईगुड़ी सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह अभी भी सदमे में है।

## सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी कोच जोड़ने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की पहल लगातार यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इसी कड़ी में सियालदह-अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी कोचों जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 20 मार्च 2025 से, 13149/13150 सियालदह-आलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस में एक एसी-2 टियर और एक एसी-3 टियर कोच जोड़ा जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, प्रत्येक यात्रा में 132 अतिरिक्त बर्थ्स का सृजन होगा। यह ट्रेन अब 19 की बजाय 21 कोचेस के साथ चलेगी। वहीं, आलीपुरद्वार से 21 मार्च 2025 से इस ट्रेन की नई संरचना के तहत यात्रा की शुरुआत होगी।

## मिथातालाब में मिला युवक का शव

**कोलकाता :** कोलकाता के कासबा थाना क्षेत्र स्थित मिथातालाब में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे स्थानीय निवासी नासकरहाट क्षेत्र से पुलिस को सूचना मिली कि तालाब में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत शव को पानी से बाहर निकाला।

शव की पहचान स्थानीय निवासी सोनू रॉय (27) ने अपने चचेरे भाई राजू पटेल उर्फ फुतुन (29) के रूप में की। राजू, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जल्हा गांव के निवासी मंगनी पटेल के पुत्र थे।

परिजनों ने बताया कि राजू पटेल होली का त्योहार मनाने के लिए 14 मार्च को अपने रिश्तेदारों के घर आए थे। रात करीब 9 बजे वह स्नान करने



के लिए तालाब की ओर गए थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार, शनिवार सुबह उनका शव तालाब में तैरता हुआ मिला।

मौके से मृतक के कपड़े और मोबाइल फोन तालाब के किनारे बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राजू पटेल पेशे से ट्रक चालक थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# सॉल्टलेक के निजी स्कूल में 62% फीस वृद्धि, अभिभावकों में आक्रोश

**कोलकाता :** राज्य में निजी स्कूलों की अनियंत्रित फीस वृद्धि को लेकर अभिभावकों में पहले से ही नाराजगी थी, अब सॉल्टलेक के आईईएम पब्लिक स्कूल में फीस में एक साथ 62% की बढ़ोतरी ने स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है। राज्य सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि अगले सप्ताह वह निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण लाने के लिए एक विधेयक पेश करेगी, लेकिन इस बीच स्कूल प्रशासन के इस फैसले से अभिभावकों में भारी आक्रोश है।

अभिभावकों के अनुसार, आमतौर पर हर साल फीस में 10% तक की वृद्धि की जाती है, लेकिन इस बार स्कूल ने पहली से दसवीं कक्षा तक के छात्रों की फीस में सीधे 62% की बढ़ोतरी कर दी है। जब अभिभावकों को इस बारे में सूचना मिली, तो वे स्तब्ध रह गए और स्कूल प्रशासन से इस असामान्य वृद्धि का कारण पूछने पहुंचे। हालांकि, उनके अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

इसके विपरीत, प्रिंसिपल ने अभिभावकों को कथित रूप से धमकी देते हुए कहा कि अगर वे अपने बच्चों को इस स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें बढ़ी हुई फीस जमा करनी होगी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बच्चों के भविष्य का निर्णय स्कूल प्रशासन के हाथ में है, इसलिए अभिभावकों को इस मुद्दे पर ज्यादा सवाल नहीं उठाने चाहिए।

प्रिंसिपल की इस टिप्पणी को अभिभावकों ने सीधा धमकी भरा रवैया माना है, जिससे उनका आक्रोश और बढ़ गया है। इस पूरी घटना को लेकर स्कूल प्रशासन और अभिभावकों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है, और अब सभी की नजरें राज्य सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर टिकी हैं, जो निजी स्कूलों की फीस वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए लाया जा रहा है।

## कोलकाता में महिला और उसकी भतीजी से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता के बांसद्रोनी थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी 17 वर्षीय भतीजी के साथ मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, पालपाड़ा, 7वीं लेन, विद्यासागर पार्क की रहने वाली 39 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च 2025 को दोपहर करीब 2 बजे कुछ लोगों ने उन्हें जबरन रोका और उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि रेखा रॉय, पंपा दास, टिंकू दास, राहुल दास और रुद्र रॉय ने एक-दूसरे की मदद से महिला पर हमला किया। उन्होंने न केवल मुक्कों



और दांतों से वार किए, बल्कि उनकी 17 वर्षीय भतीजी पर भी हमला कर उसे सड़क पर अपमानित करने की कोशिश की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों में से तीन-टिंकू दास (36), राहुल दास (31) और रुद्र रॉय (19)-को गिरफ्तार कर लिया, ताकि अपराध की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। घटना की जांच जारी है।

# आरपीएफ ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत भारी मात्रा में हथियार किए बरामद, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपीएफ की टीम ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। आरपीएफ के अधिकारियों ने जीआरपीएस कर्मियों के सहयोग से 13 मार्च को जनाई रोड रेलवे स्टेशन पर एक संदेहजनक व्यक्ति के पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। आरपीएफ पोस्ट डानकुनी के हेड कांस्टेबल आर.के मंडल के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राजीव सिकदार (22) के रूप में हुई। सुरक्षा कर्मियों द्वारा गहन पूछताछ के बाद पता चला कि व्यक्ति शराब के



नशे में था। उसकी बैग सहित सभी वस्तुओं की जांच की गई, जिसमें से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, दो चाकू, और एक अज्ञात व्यक्ति की दो पोस्टकार्ड साइज की तस्वीरें बरामद हुई। जिसके बाद, 14 मार्च को जीआरपीएस के एसआई मृणाल रॉय द्वारा सभी कानूनी औपचारिकताओं के तहत सामग्री को जब्त किया गया और आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी के खिलाफ जीआरपीएस/कामरकुंडू में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए चंदननगर की अदालत में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।

# हरियाणा नागरिक संघ का होली मधुर मिलन एवं कवि सम्मेलन

**कोलकाता :** हरियाणा नागरिक संघ का होली मधुर मिलन एवं कवि सम्मेलन समाजसेवी बाबूलाल धनानिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन सुरेश गुप्ता, सचिव गोरधन निगानिया, शंकरलाल कारीवाल, द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, विकास गोयल, कमलेश (विक्की) हेतमपुरिया, विजय खोरड़िया, नवीन कानोड़िया ने किया। जाने - माने कवि गजेन्द्र सोलंकी, कवयित्री भुवन मोहिनी, कवि शम्भू शेखर, प्रख्यात मिश्रा, सूरजमणि, सुदीप भोला ने हास्य तथा वीर रस, श्रृंगार रस की रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया। कवि सम्मेलन में चीर हरण पर भीष्म पितामह, मौन तुम्हारा अखरता है तथा विरोधियों में मेल हो गया, मैडम का पप्पू फेल हो गया



तथा मिलने को गले आती है हर साल में होली, मजा हो तब जब खेलें ससुराल में होली एवम् ओजस्वी रचनाओं को सुन कर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। भुवन मोहिनी ने होली खेलो रे सांवरिया, होली खेलो रे तथा नन्द गांव के तुम छोरे, में बरसाने की छोरी एवम् चांद को पाने की चाहत में खिड़की खोली रात भर सुना कर भाव विभोर किया। मंच संचालन करते हुए गजेन्द्र सोलंकी ने जमीन होती है अपनी और गगन अपना - अपना एवम् अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से प्रभावित किया। सुरेश गुप्ता ने कवियों का स्वागत करते हुए कौन कहता है बूढ़े इश्क नहीं करते, इश्क तो करते हैं पर हम शक नहीं करते सुना कर आनंदित किया। समाजसेवी गोबिंद राम अग्रवाल, रामचन्द्र बड़ोपलिया, घनश्याम दास अग्रवाल, प्रदीप लुहारीवाला, विष्णु दास मित्तल, मोहनलाल गोयल, विजय निगानिया, दयानन्द रावलवासिया, मनोज लुहारीवाला, रामस्वरूप अग्रवाला, भागीरथमल गोयल, त्रिलोक अग्रवाल, घीसाराम गोयल, रामबाबू डालमिया एवम् हरियाणा समाज के सदस्यों ने परस्पर एक - दूसरे को होली की शुभकामना दी।

## कान्यकुब्ज सभा का बासंती फाग 16 मार्च को

**कोलकाता, समाज्ञा**

कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट एवम् कलकत्ता कान्यकुब्ज सभा द्वारा होली के अवसर पर बासंती फाग का आयोजन रविवार 16 मार्च को कान्यकुब्ज भवन, अहिरीटोला में होगा। कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, सचिव कुलदीप दीक्षित एवम् अतिथि उपस्थित रहेंगे। ढोल, मृदंग, मंजीरों की मस्ती भरी धुन में बासंती फाग के आयोजन के लिये संयोजक जयकरण त्रिवेदी, अभिषेक तिवारी एवम् कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## मेट्रो यात्री को मिला खोया हुआ पर्स

**कोलकाता :** शुक्रवार की शाम करीब 5:40 बजे रवींद्र सरोवर मेट्रो स्टेशन पर तैनात एक ऑन-ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मी ने गश्त के दौरान एक लावारिस पर्स बरामद किया। पर्स मिलने के बाद इसे तुरंत स्टेशन मास्टर कार्यालय में जमा किया गया। जब पर्स खोला गया, तो उसमें कुछ महत्वपूर्ण सामान पाए गए। स्टेशन मास्टर ने पर्स के मालिक तक पहुंचने के लिए स्टेशन पर बार-बार घोषणाएं कीं और सभी स्टेशनों को इस बारे में सूचना भेजी गई। कुछ समय बाद, एक महिला यात्री रवींद्र सरोवर मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंची और पर्स के अपने होने का दावा किया। उचित सत्यापन और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, पर्स और उसमें मौजूद सभी सामान महिला को लौटा दिए गए। उन्होंने मेट्रो रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया और उनकी सहायता के लिए धन्यवाद दिया।

## बेल्वेडियर पार्क रेलवे ऑफिसर्स क्लब में अत्याधुनिक जिम्नेजियम का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेल्वेडियर पार्क रेलवे ऑफिसर्स क्लब में नवीनीकरण किए गए अत्याधुनिक जिमनैजियम का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन 13 मार्च को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, सियालदह के डीआरएम दीपक निगम और अन्य प्रमुख विभागों के अधिकारी और ईआरडबल्यूडबल्यूओ के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अत्याधुनिक जिमनैजियम में लेग प्रेस, ट्रेडमिल, रोइंग मशीन, पावर रैक, लेग कर्ल मशीन और अन्य लाभकारी उपकरणों से लैस किया गया है। ये उपकरण रेलवे अधिकारियों को अपनी फिटनेस बनाए रखने में सहायता प्रदान करेंगे। इसके अलावा, नियमित जिम वर्कआउट से शारीरिक और मानसिक लाभ प्राप्त होगा, जिससे वजन प्रबंधन, सहनशक्ति में वृद्धि, हड्डियों की घनता और इम्यूनिटी को बढ़ावा मिलेगा।

# यौगिक संघ के होली प्रीति सम्मेलन में हास्य कवियों ने जमाया रंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** यौगिक संघ की ओर से शुक्रवार को महानगर के ब्रिगेड परेड मैदान के यौगिक संघ अभ्यास क्षेत्र में होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। होली की रंगीली सुबह में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन मे पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, चिराग जैन, महेंद्र अजनबी, कवयित्री मनीषा शुक्ला ने अपने हास्य और व्यंग्य से उपस्थित लोगों को कभी गुदगुदाया और कभी ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के पूर्व अध्यक्ष व मुख्य अतिथि सुरेश गोयल, बाल व्यास भागवताचार्य श्रीकांत शर्मा व विश्वंभर नेवर भी उपस्थित थे। इसके साथ ही सत्यनारायण देवरालिया, गोविंद राम ढाणेवाला, बनवारी लाल सोती, कुंज बिहारी अग्रवाल, पवन टिबड़ेवाल और दयानंद अग्रवाल , सुरेंद्र अग्रवाल, नारायण जैन, अरुण




मल्लावत, अनिल मल्लावत, पवन पहाड़िया, रतन अग्रवाल उपस्थित थे। इनके साथ मार्गदर्शक संतोष सराफ, यौगिक संघ के अध्यक्ष गुलशन कुमार गुलाटी, सचिव नरेश कुमार गनेरीवाल, सहायक सचिव रतन खरकिया, वाइस प्रेसिडेंट सुभाष आहूजा व आनंद अग्रवाल व कोषाध्यक्ष सतीश जायसवाल भी सक्रिय रहे। यौगिक संघ के कार्यकर्ताओं का प्रोग्राम को सफल बनाने में काफी योगदान रहा जिसमें संतोष सराफ़, गोपाल अग्रवाल, रतन चौधरी, ललन प्रसाद, मोहित अग्रवाल, राज गुप्ता, प्रभु दयाल साबू, हरीश बजाज, पुरेंद्र शेट्टी प्रमुख थे। संचालन रतन खररिया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन संतोष सराफ ने किया।

## मालदह डिवीजन ने रेलवे ट्रैक के पास आग की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाए कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** गर्मियों के मौसम के दौरान रेलवे ट्रैक के पास सूखी घास और पत्तियों में आग लगने की घटनाएं अक्सर देखने को मिलती हैं, जो ट्रेन संचालन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं। इस स्थिति को देखते हुए, पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने रेलवे ट्रैक के पास आग की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के निर्देश पर और मालदह के डीआरएम के नेतृत्व



में, भालपुर और जमालपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। रेलवे की टीमें मैन्युअल और यांत्रिक उपकरणों से लैस होकर रेलवे ट्रैकों के आसपास सूखी वनस्पति और झाड़ियों को हटाने में लगी हुई हैं। इसके अलावा, अग्नि सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के लिए रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के बीच नियमित निरीक्षण और जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, यात्रियों और आम जनता से अपील की गई है कि वे आग लगने की दुर्घटनाओं से बचने के लिए, जैसे जलते हुए सिगरेट बट्टों को फेंकना, रेलवे ट्रैक के पास आग लगाना, या ग़लत तरीके से कचरा फेंकने जैसी गतिविधियों से बचें। यह पहल मालदह डिवीजन की सुरक्षा, दक्षता और जन कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करती है।

# सियालदह डिवीजन के राणाघाट यार्ड में नया रेक परीक्षण बिंदु, माल ढुलाई में सुधार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के राणाघाट यार्ड में एक नया रेक परीक्षण बिंदु स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य माल ढुलाई की गति में सुधार करना और रेकों के प्रेषण को तेज बनाना है। यह सुविधा अनलोडिंग प्वाइंट्स के पास स्थित होने के कारण रेकों के निरीक्षण समय को कम करने में मदद करेगी, जिससे माल ढुलाई की समग्र दक्षता में सुधार होगा। राणाघाट में स्थापित किया गया नया रेक परीक्षण केंद्र खाली रेकों के त्वरित निरीक्षण और रिलीज को संभव बनाएगा, जिससे उनका सक्रिय माल सेवा में तेजी से पुनः उपयोग हो सकेगा। इससे रेलवे के माल ढुलाई संचालन को बढ़ावा मिलेगा और अधिक राजस्व सृजन



होगा। इस नई सुविधा का एक प्रमुख लाभ यह है कि कोसिम बाजार, सारगाछी, कृष्णनगर जंक्शन जैसे क्षेत्रों से आने वाले खाली रेकों का परीक्षण अब राणाघाट में किया जा सकेगा, जिससे इनकी यात्रा समय में महत्वपूर्ण कमी आएगी और नयाहाटी यार्ड पर कार्यभार भी घटेगा। इसके अलावा, परीक्षण के बाद खाली रेकों को अब सीधे नैहाटी-बंडेल लिंक के माध्यम से हावड़ा भेजा जा सकेगा, जिससे माल ढुलाई प्रक्रिया को और अधिक सरल और तेज बनाया जा सकेगा। राणाघाट में यह नया रेक परीक्षण बिंदु क्षेत्र की कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाएगा और माल ढुलाई संचालन में वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

## पूर्व रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई, 4,200 अतिरिक्त बर्थ हुई उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने कोलकाता और रक्सौल तथा कोलकाता और दरभंगा के बीच दो अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को अतिरिक्त क्षमता और सुविधा मिलेगी, जिससे होली के त्योहार के दौरान बढ़ी हुई यात्री संख्या को आसानी से समायोजित किया जा सकेगा। इन ट्रेनों से कुल 4,200 अतिरिक्त बर्थ्स का सृजन होगा। इसके तहत, 05506 रक्सौल-कोलकाता होली स्पेशल 16 मार्च को रक्सौल से सुबह 09:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 05:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 05505 कोलकाता-रक्सौल होली स्पेशल 17 मार्च को कोलकाता से सुबह 07:25 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 04:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन 19 स्टेशनों पर रुकेगी। इसके अलावा, 05512 दरभंगा-कोलकाता होली स्पेशल 17 मार्च को दरभंगा से दोपहर 12:05 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 05:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। 05511 कोलकाता-दरभंगा होली स्पेशल 18 मार्च को कोलकाता से सुबह 07:25 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 00:20 बजे दरभंगा पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 स्टेशनों पर रुकेगी। इन दोनों ट्रेनों में सामान्य सेकेंड क्लास, स्लीपर क्लास और एयर कंडीशनड सुविधाएं होंगी।

## श्री श्री शांति हरिचांद मंदिर वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन



जगद्दल : श्री श्री शांति हरिचांद मंदिर का वार्षिक उत्सव अपने 32वें वर्ष में प्रवेश कर गया। मतुआ संघाधिपति और राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर के निर्देश पर तथा जगद्दल विधायक सोमनाथ श्याम के सहयोग से इस उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बैरकपुर लोकसभा सांसद पार्थ भौमिक और विधायक सोमनाथ श्याम उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में मुक्ती फाउंडेशन की प्रमुख पायल घोष (बड़ुआ) और जगद्दल थाने के आईसी महावीर बेरा भी शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम का संचालन मतुआ धर्म प्रचारक नंटू हालदार ने किया। इस आयोजन में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पागल घोषाई दलपति भी शामिल हुए, जिससे पूरे उत्सव में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## अंतरराष्ट्रीय किडनी दिवस पर जागरूकता रैली, किडनी रोग के प्रति सतर्क रहने की अपील




**कोलकाता :** हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय किडनी दिवस मनाया जाता है। 2025 में यह दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य किडनी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस साल की थीम है आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पहचानें, किडनी की सेहत बचाएं। विशेषज्ञों के अनुसार, दुनियाभर में हर 10 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की किडनी समस्या से जूझ रहा है, खासकर दक्षिण एशियाई देशों में इसका खतरा अधिक है। कोलकाता के जाने-माने नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीक दास, जो 2005 से किडनी प्रत्यारोपण कर रहे हैं, अब तक 2500 से अधिक सफल प्रत्यारोपण कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में कोलकाता किडनी इंस्टीट्यूट ने किडनी जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें 100 किडनी प्रत्यारोपित मरीजों ने हिस्सा लिया। डॉ. दास ने बताया कि शुरुआती पहचान से किडनी से जुड़ी गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

# टीटागढ़ में होली खेलने के बहाने बुलाकर तृणमूल छात्र नेता की चाकू घोंपकर हत्या



**कोलकाता, समाज्ञा :** होली समारोह के दौरान शुक्रवार को उत्तर 24-परगना के खड़दह में 24 वर्षीय तृणमूल छात्र नेता की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि आकाश चौधरी उर्फ अमर को उसके घर से बुलाया गया और कुछ लोगों ने उसे होली समारोह में शामिल होने के लिए कहा और बाद में शुक्रवार की दोपहर को उसकी हत्या कर दी गई। चौधरी के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह बैरकपुर के महादेवानंद महाविद्यालय से मानविकी में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था और तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा का नेता था। चौधरी के परिवार के एक सदस्य ने बताया कि पिछले दिसंबर में कुछ लोगों के साथ उसका झगड़ा हुआ था और उन्होंने बदला लेने की कसम खाई थी। पुलिस ने हत्या में कथित संलिप्तता के लिए पवन राजभर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हत्या के दो अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं। कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 2 बजे लोगों के एक समूह ने उसे होली समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। चौधरी टीटागढ़ नगरपालिका के एक तृणमूल पार्षद का करीबी था। वे लोग अमर को खड़दह में एक रसायन और उर्वरक कारखाने के पास एक स्थान पर ले गए और कथित तौर पर चाकू से उसकी गर्दन और पेट के निचले हिस्से पर वार किया। जबकि दो अन्य भागने में सफल रहे, कुछ स्थानीय लोगों ने राजभर को पकड़ लिया। बाद में, उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि चौधरी को खड़दह के एक स्थानीय सरकारी अस्पताल में ले जाया गया और बाद में आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉक्टरों ने कहा कि चोटें गहरी थीं और चौधरी का बहुत खून बह गया था। पुलिस ने हत्या के दो अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जिस जगह पर उस पर हमला हुआ, उसके आसपास के इलाके में पुलिस चौकी स्थापित कर दी गई है।

### टीटागढ़ के बाद जगद्दल में एक युवक पर हुआ जानलेवा हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** होली की दोपहर को टीटागढ़ में 'हत्या' की घटना के बाद, रात होते ही जगद्दल में अपराधियों ने एक और हमला किया। जगद्दल के नेताजी नगर इलाके में चॉपर की वार से एक युवक की हत्या की कोशिश की गई। गंभीर रूप से घायल युवक संजीव बारुई को कल्याणी के जेएनएम अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि संजीव बारुई जगद्दल के 23 नंबर वार्ड के नेताजी नगर इलाके के निवासी है। शुक्रवार की शाम आरोपी दो युवक आए और संजीव पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में दो संदिग्धों के नाम सामने आ रहे हैं-राकेश राय और सोमनाथ दास, जो इलाके के निवासी हैं। हालांकि, परिवार और पड़ोसी इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि होली के दिन अचानक संजीव पर ऐसा जानलेवा हमला क्यों किया गया। घटना के राजनीतिक पहलू की जांच भी की जा रही है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है।

## न्यायमूर्ति बागची कल उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची सोमवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना उच्चतम न्यायालय परिसर में एक समारोह में शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में न्यायमूर्ति बागची को पद की शपथ दिलाएंगे। न्यायमूर्ति बागची के शपथ लेने के बाद, उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 के मुकाबले 33 हो जाएगी। न्यायमूर्ति बागची का शीर्ष अदालत में कार्यकाल छह वर्ष से अधिक का होगा। इस दौरान वह भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में भी काम करेंगे। न्यायमूर्ति के.वी विश्वनाथन के 25 मई 2031 को सेवानिवृत्त होने पर, न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को अपनी सेवानिवृत्ति तक भारत के प्रधान न्यायाधीश का पद संभालेंगे। उनका जन्म तीन अक्टूबर, 1966 को हुआ था। बता दें कि केंद्र सरकार ने 10 मार्च को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए न्यायमूर्ति बागची के नाम को मंजूरी दी थी। प्रधान न्यायाधीश खन्ना की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने छह मार्च को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उनके नाम की सिफारिश की थी।

## होली और रमजान पर पुलिस की सतर्कता, पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत



**हुगली :** होली और रमजान के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द को कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था। रिसड़ा के बागखाल इलाके में स्थानीय निवासी प्रीत पांडेय ने रिसड़ा थाने के गश्ती पुलिस अधिकारियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और उन्हें सम्मानित भी किया। यह कदम पुलिस की कड़ी मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से उठाया गया। हर साल की तरह इस साल भी पुलिस कर्मियों का स्वागत किया गया, क्योंकि त्योहारों के दौरान जब लोग उत्सव में व्यस्त होते हैं, तब पुलिस सुरक्षा की कमान संभाले रहती है ताकि लोग भयमुक्त होकर पर्व का आनंद ले सकें। होली के दौरान कोई हुड़दंग न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए पुलिस ने पूरी सतर्कता दिखाई। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

## सर्वे पार्क एटीएम धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता :** साइबर पुलिस स्टेशन ने आज सर्वे पार्क एटीएम धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद साहिल (37), निवासी गुलशन कॉलोनी, आनंदपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने एक विशेष मशीन का उपयोग कर एटीएम कार्ड फंसाने की चालाकी अपनाई और फिर नकली हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से पीड़ितों को धोखा देकर उनके गोपनीय बैंकिंग विवरण प्राप्त किए।

इस मामले में शिकायतकर्ता अरूप ज्योति प्रधान (28), निवासी दक्षिण 24 परगना, अपने बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम कार्ड का उपयोग करने के दौरान ठगी का शिकार हो गए। 14 फरवरी की रात 8:30 बजे, जब उनका कार्ड जादवपुर स्टेडियम स्थित एसबीआई एटीएम मशीन में फंस गया, तो उन्होंने वहां दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया। फोन पर मौजूद ठगों ने उन्हें बहला-फुसलाकर गोपनीय जानकारी हासिल कर ली और रात 10:57 बजे तक 10 बार में कुल 1,30,000 रुपये उनके खाते से निकाल लिए।

इस धोखाधड़ी की जांच के दौरान पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों और अन्य सुरागों को ध्यानपूर्वक एकत्रित किया। कई इलाकों में छापेमारी के बाद अंततः 15 मार्च को शाम 6:30 बजे आनंदपुर क्षेत्र से आरोपी मोहम्मद साहिल को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व साइबर पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्ट्रेस एवं जांच अधिकारी पियाली बरुआ और उनकी टीम ने किया, जिसमें एसआई रंजन चक्रवर्ती, एएसआई (एमटी) जीवन कुमार चौधरी और कांस्टेबल मनोज बेपारी, प्रसनजीत श्याम एवं सोमनाथ सिरोली शामिल थे।

पुलिस ने आरोपी के पास से कई आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त की हैं, जिनमें तीन मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड रीडर, एक मोबाइल होल्डिंग स्लॉट, दो एटीएम कार्ड, नकली हेल्पलाइन नंबर के प्रिंटआउट, 22 एसबीआई लोगो के प्रिंटआउट, एक पीएनबी बैंक का बैनर, एक काली टोपी, एक डिजिटल घड़ी, एक बैग और एक स्प्रे कैन शामिल हैं।

आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की रिमांड के लिए अनुरोध किया जाएगा। पुलिस इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों और धोखाधड़ी के तरीकों की भी जांच कर रही है।

## थाने में आते ही महिला इंस्पेक्टर से बदसलूकी, न्यूटाउन की घटना में 2 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** होली की शाम तेज गति से और ला-परवाही बरतते हुए गाड़ी चलाने के आरोप में दो युवकों को थाने लाया गया। थाने में आते ही युवक महिला इंस्पेक्टर से अश्लील हरकत करने लगे। जिसके बाद, दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम को ये दो युवक सेक्टर 5 से न्यूटाउन की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण अनियंत्रित होते हुए गाड़ी बलाका अपार्टमेंट के पास डिवाइडर से जा टकरायी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक बहुत बेतहाशा तरीके से गाड़ी चला रहे थे, जिससे दुर्घटना हुई। न्यूटाउन थाना की पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले आयी। जहां महिला इंस्पेक्टर ने आवश्यक जांच के लिए पूछताछ शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान दोनों ने महिला इंस्पेक्टर से बदसलूकी की। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ महिला पुलिसकर्मी से बदसलूकी करने का मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को बारासात कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।

## खेत में बकरी घुसने से मचा बवाल, मालदह में तृणमूल नेता की पीट-पीटकर हत्या



**मालदह :** जिले में होली के दिन टीएमसी के पंचायत सचिव की हत्या कर दी गई। शनिवार की दोपहर को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर झड़प हुई। पंचायत प्रधान की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कम से कम छह लोग घायल बताए गए हैं। यह घटना भुटनी थाना अंतर्गत हीरानंदपुर ग्राम पंचायत के गोवर्धनटोला गांव में घटी। बताया गया है कि दो परिवारों और रिश्तेदारों के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मुख्य विवाद दो चचेरे भाइयों, बीरेन मंडल और फेकोन मंडल के बीच है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, बीरेन की एक बकरी उस खेत में चली गई, जहां गोभी के पौधे लगे थे और उसने कुछ गोभी के पत्ते चबा लिए और इसे लेकर हंगामा मच गया। इससे नाराज फेकोन मंडल कुछ लोगों को अपने साथ लेकर बीरेन पर हमला कर दिया। उस समय होली खेली जा रही था। जब फेकोन हमला करने आया तो बीरेन के साथ उसका भाई कमल मंडल, उसकी पत्नी और कुछ अन्य लोग भी थे। दोनों पक्षों में झड़प होने लगी। कमल मंडल और उनकी पत्नी की हथौड़े से पिटाई की गई। कमल मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। वह दक्षिण चांदीपुर ग्राम पंचायत के सचिव हैं। पुलिस ने कमल मंडल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भुटनी पुलिस स्टेशन भेज दिया, जबकि उनकी पत्नी को पहले मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल और बाद में कोलकाता रेफर कर दिया गया। इस बीच, फोकन मंडल को भुटनी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।


## अचानक बेरहमी से हमला! नदिया में बहू के हाथों लहूलुहान बुजुर्ग सास

**कोलकाता :** धारदार हथियार से बेरहमी से वार कर बहू ने अपनी सास को बुरी तरह घायल कर दिया। यह दिल दहला देने वाली घटना नदिया जिले के कल्याणी के सगुना नवग्राम इलाके में घटी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी बहू को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, शनिवार सुबह नदिया के नवग्राम निवासी 60 वर्षीय प्रियसी बारुई स्नान करने जा रही थीं। तभी अचानक उनकी बहू उपासना बारुई उन पर धारदार हथियार लेकर टूट पड़ी। बहू ने लगातार उन पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल बुजुर्ग महिला ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ीं। उनकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़कर आए और उन्हें गंभीर हालत में देखकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्रियसी बारुई को कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने कल्याणी थाने के गायेशपुर पुलिस चौकी को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बहू उपासना बारुई को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा, मृतका के पोते दीपंकर बारुई को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है। मामले की आगे जांच जारी है।

## मारपीट के बाद पत्नी को फांसी पर लटकाने का आरोप, पति की तलाश में पुलिस, नदिया में सनसनी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णगंज में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने के बाद गमछे से लटका कर उसकी जान ले ली। मृतका की मां ने अपने दामाद के साथ-साथ अपने नाती पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान करुणा मजूमदार के रूप में हुई है, जो कृष्णगंज के बोआलिया पाड़ा इलाके की रहने वाली थीं। शनिवार सुबह करीब 7 बजे उनका शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। मृतका के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसका पति तारक मजूमदार नशे का आदी था और आए दिन करुणा के साथ मारपीट करता था। लंबे समय से यह अत्याचार चल रहा था।

शनिवार सुबह करुणा के मायके वालों को सूचना दी गई कि उसने आत्महत्या कर ली है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि करुणा का शव कमरे में गमछे से लटका हुआ था। परिजनों ने तुरंत कृष्णगंज थाने को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कृष्णगंज ग्रामीण अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका की मां प्रमिला राय ने कृष्णगंज थाने में अपने दामाद और नाती के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शक्तिनगर जिला अस्पताल भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल आरोपी पति फरार है, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### शहर में आज

■ **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, पाठ क्रमांक संख्या-1931, दोपहर 2 बजे से, स्थान- श्री मोतीलाल जी झंवर, विवाह बैंक्वेट्स, एल्कोव ग्लोरिया, 1 तल्ला, 403/1, दक्षिणदारी रोड, वी.आई.पी.रोड, उल्टाडांगा एवं लेक टाऊन सर्विस लेन, कोलकाता।

■ **श्री करणी इन्द्र भक्त मंडल (श्रीमण्ड खुड़दधाम) :** संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 3 बजे से, स्थान- श्री मेघराज जी सोनी, 44, रोज मैरी लेन, 5 तल्ला, हावड़ा ऐ.सी.मार्केट के पास, हावड़ा।

■ **भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम :** साप्ताहिक बीज मंत्र एवं गणेश स्रोत का पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन सभागार, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ **बाल किसन जी चांडक परिवार :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 7 बजे से, स्थान- चांडक निवास, शिव बाजार, मेदिनीपुर।

## रजवाड़ा ग्रुप का त्रिदिवसीय होली धमाल संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** होलिकोसव के पावन पर्व पर मशहूर रजवाड़ा ग्रुप द्वारा तीन दिवसीय राजस्थानी चंग, ढप, धमाल का लेक टाउन स्थित विवाह बैंक्वेट में भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में होली प्रेमियों ने हर रात को कार्यक्रम का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी लोक गायिका सीमा मिश्रा, कुलदीप ओझा, सोनू कंवर, ट्विंकल वैष्णव, चैतन्य दाधीच सहित स्थानीय रजवाड़ा ग्रुप, बावलिया ग्रुप सहित और बहुत सारी टीमों ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया । पिछले 6 सालों से प्रत्येक वर्ष होली पर कोलकाता वासी राजस्थानी गायक कलाकार कुलदीप ओझा को बुलाते है और इस बार भी कुलदीप ओझा के साथ पश्चिम राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ म्यूजिशियन टीम ने कोलकाता में 10 से ज्यादा कार्यक्रम किए । गीतकार राजेंद्र दाधीच सहित कोलकाता के काफी संख्या में वरिष्ठ उद्योगपति , व्यापारीगण ,संस्थाओं के पदाधिकारीगण, प्रोफेशनल इत्यादि ने इस अवसर पर पधार कर कार्यक्रम को प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गजराज सेठिया, गगन करेल, मनोज सोनी, कृष्णा दुधोडिया, मीडिया प्रभारी राकेश चंडालिया सहित सभी सदस्य सक्रिय रहे।

## हुगली में शांति और सौहार्द की मिसाल बनी होली, रंगों और फूलों से मना उत्सव



**हुगली :** हुगली जिले में इस वर्ष होली का पर्व शांति, सौहार्द, एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान, लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल और रंगों से सराबोर किया, और कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर इस पर्व को अनोखे अंदाज में मनाया। मंदिरों, गुरुद्वारों और सामाजिक संगठनों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भक्तों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया, जबकि महिलाओं और बुजुर्गों ने भी होली के रंगों में रंगकर अपनी खुशी जाहिर की। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं आई। सामाजिक संगठनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हरित होली मनाने की अपील की और पानी की बचत पर जोर दिया। हुगली जिले में मनाई गई इस रंगों भरी होली ने यह साबित कर दिया कि यह त्योहार सिर्फ रंगों का ही नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने का प्रतीक है। जिले में होली शुक्रवार और शनिवार दो दिन मनाई गई, जबकि गुरुवार को विधिवत होलिका दहन हुआ। इसके साथ ही रमजान का पर्व भी पालन किया गया। इस दौरान, एकता, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए, जबरन किसी पर रंग नहीं डाला गया। हिन्दू भाइयों ने कई स्थानों पर मुस्लिम भाइयों के साथ फूलों की होली खेली और अमन-शांति, एकता और अखंडता का संदेश दिया कि धर्म और पर्व अलग हो सकते हैं, लेकिन पर्व का पालन मिलजुल कर ही किया जाएगा। हुगली जिले के चांपदानी में अनोखे अंदाज में होली मनाई गई, जहां चांपदानी नगरपालिका के चेयरमैन सुरेश मिश्रा ने अपने खुड़ी गाछी स्थित निवास स्थान पर मथुरा तर्ज पर होली का पर्व मनाया और प्राकृतिक गुलाल से होली खेली।

## दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह के सागर में 'आशा किरण' स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। 12 मार्च को आयोजित इस शिविर का आयोजन सियालदह, ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष गुंजन निगम के नेतृत्व में हुआ। इस शिविर का आयोजन बी.आर. सिंह अस्पताल के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से किया गया। इस शिविर में बी.आर. सिंह अस्पताल की डॉक्टरों की एक टीम मौजूद रही। जिसमें डॉ. मंदिरा बनर्जी (एसीएमएस/एच एंड एफडबल्यू/सियालदह), डॉ. चैताली पात्रा (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/पेडियाट्रिक्स), डॉ. राजर्षि कर (डीएमओ/ईएनटी), डॉ. दिशा नागी (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. लवली सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ), सोमनाथ चक्रवर्ती (सहायक आहार अधिकारी), डॉ. दिशा घोष (दंत चिकित्सक), डॉ. देबांगना साहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), और सौवनिक मंडल (वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट) शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सियालदह के सीएमएस डॉ. कल्पना मंडल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भारतीय संग्रहालय में प्रभा खेतान फाउंडेशन का वसंत उत्सव का आयोजन

❑ **डोना गांगुली के नृत्य और संदीप भूतोड़िया के आख्यान ने दर्शकों का छू लिया दिल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐतिहासिक भारतीय संग्रहालय का केंद्रीय प्रांगण गुरुवार की शाम 'वसंत उत्सव' के दौरान प्रस्तुत मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियों तथा रंगों और भावों के अंतरसम्बंध के आख्यान का साक्षी बना। पं.केलुचरण महापात्र की सुयोग्य ख्वातिनाम शिष्या डोना गांगुली और उनके डांस स्कूल दीक्षा मंजरी की लगभग चार सौ छात्र-छात्राओं ने अपने ओडिसी नृत्य से उपस्थित कला-रसिकों का मन मोह लिया। संग्रहालय की ऊपरी मंजिल से प्रांगण में रह-रह कर गिरायी गयी पीली कंफेटी हवाओं में लहराती रही और नृत्य और संगीत से वसंत का वातावरण जीवंत हो उठा। उत्सव का आयोजन होली के अवसर पर प्रभा खेतान फाउंडेशन ने दीक्षा मंजरी के सहयोग से किया था।

डोना गांगुली पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरभ गांगुली की पत्नी हैं। डोना ने देश के कई महोत्सवों में भारतीय नृत्य शैली 'ओडिसी' की प्रस्तुति से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। उन्होंने प्रसिद्ध नृत्यांगना अमला शंकर के संरक्षण में मात्र तीन साल की उम्र में ही प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। बाद में उन्होंने गिरिधारी नायक व केलुचरण महापात्र जैसे प्रतिष्ठित गुरुओं से नृत्य की तालीम ली। डोना के डांस स्कूल दीक्षा मंजरी का उद्घाटन लता मंगेशकर ने किया था। वसंत उत्सव में डोना और उनकी नाट्यमंडली के कलाकारों ने विभिन्न भाषाओं के होली से जुड़े 21 गीतों पर अपने नृत्य से भावाभिव्यक्ति दी। मालूम हो कि ओडिसी नृत्य कला की शुरुआत, ओडिशा में मंदिरों में हुई थी। यह शास्त्रीय नृत्य की सबसे पुरानी शैलियों में से एक है। इस नृत्य में अभिनय की बेहद खास भूमिका होती है और पौराणिक कथाओं की प्रस्तुति लिए इसे उपयुक्त माना जाता है।

नृत्य के साथ संदीप भूतोड़िया ने 'होलीः रंगों की कविता, रसों की यात्रा' शीर्षक से आख्यान की प्रभावशाली प्रस्तुति की। भूतोड़िया प्रभा खेतान फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी तथा वैश्विक जीवन-शैली, सांस्कृतिक विमर्श, वन्य जीवन और यात्रा वृत्तांत लेखक हैं। अपने आख्यान में उन्होंने यह रेखांकित किया कि रंगों का मनुष्य के मनोभावों से अविच्छिन्न सम्बंध है। जैसे इंद्रधनुष में सात रंग मिलकर प्रकृति को सुंदरता प्रदान करते हैं, सात सुर मिलकर संगीत को संपूर्ण और जीवंत बनाते हैं, उसी प्रकार भावनाओं के भी अनेक रंग हैं, जिन्हें नाट्यशास्त्र में रस कहा गया है। यह रस मनुष्य के स्थाई भाव होते हैं। जीवन को विविधता और गहराई देने वाले इन नौ रसों के साथ रंगों के त्योहार होली का गहरा संबंध है। होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि रसों का भी उत्सव है। उन्होंने विभिन्न भावों के रंगों से संबंध पर की चर्चा की और उससे जुड़ी कविताएं सुनायीं। जिसमें तुलसीदास, रसखान, मीराबाई, सूरदास से लेकर आधुनिक हिन्दी के निराला, पंत, हरिवंश राय 'बच्चन', फणीश्वरनाथ नाथ 'रेणु' और गुलजार तक की कविताएं शामिल थीं। भारतीय संग्रहालय के संबंध में उन्होंने कहा कि वर्ष 1814 में स्थापित यह संग्रहालय न केवल भारत बल्कि, एशिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा संग्रहालय है। यहां इस आयोजन का होना एक गौरवशाली परंपरा का हिस्सा होने का रोमांच पैदा करता है। धन्यवाद ज्ञापन भारतीय संग्रहालय के निदेशक अरिजीत दत्ता चौधरी ने किया।

## न्यू बैरकपुर में पूजा के बहाने घर बुलाकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

न्यू बैरकपुर में पूजा के बहाने घर बुलाकर एक युवती से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने गई तो वह तालाब में कूद गया। अंत में युवक को तालाब से नग्न अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। बैरकपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी और शिकायतकर्ता पहले से परिचित थे। आरोपी युवक ने युवती को पूजा की बात कहकर अपने घर बुलाया था। आरोप है कि वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। किसी तरह घर लौटने के बाद पीड़िता सीधे न्यू बैरकपुर पुलिस स्टेशन पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने 22 वर्षीय युवक की तलाश शुरू कर दी। इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन युवक नहीं मिला। पुलिस ने युवक के फोन की लोकेशन पर नजर रखनी शुरू कर दी है। जैसे ही वह मिला, उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किये गये। हालांकि, पुलिस को देखकर आरोपी भाग गए। अंततः वह नग्न अवस्था में ही उस क्षेत्र के एक सड़े हुए तालाब में कूद गया। वे वहां लम्बे समय तक रहते हैं, यहां तककि अपना शरीर भी ढके रहने के बावजूद तालाब में तलाश करने पर युवक बरामद हुआ। न्यू बैरकपुर पुलिस स्टेशन ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इलाके के लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पीड़िता के परिवार वाले भी कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

### जमीन के नीचे दबे बम पर पैर रखते ही विस्फोट से स्कूल छात्र घायल

**मुर्शिदाबाद :** घर के सामने मैदान में फुटबॉल खेलते समय जमीन के नीचे दबे बम पर पैर रखते ही विस्फोट से एक स्कूल छात्र घायल हो गया। यह घटना मुर्शिदाबाद के भरतपुर थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में शुक्रवार की शाम को घटी। ग्रामीणों ने बच्चे को बचाया और उसे गंभीर हालत में शुरू में भरतपुर ब्लॉक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें कांदी उपजिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। घायल का नाम साहिल शेख है। वह मुर्शिदाबाद के भरतपुर गांव का निवासी है। अन्य दिनों की तरह, बच्चा दोपहर में मैदान में फुटबॉल खेल रहा था। अचानक भूमिगत एक बम फट गया और बच्चा घायल हो गया। बम विस्फोट के परिणामस्वरूप उनके पैर में चोट लग गई। बच्चे का फिलहाल उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। भरतपुर थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



# भगवान महावीर जन्मस्थली, कुंडलपुर, बिहार

## हमारी अंजानी धरोहर-64

**डॉ. एस. के. सैनी**

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म 599 वर्ष ईसा पूर्व भारत के वैशाली गणराज्य के कुंडलपुर नामक स्थान में हुआ था यह स्थान ही आज बासो कुंड है और जैन धर्म का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है भगवान महावीर का जन्म एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था।

हाजीपुर से लगभग डेढ़ घंटे की यात्रा करके जब हम वैशाली मैं पहुंचते हैं वहां से लगभग पांच सात किलोमीटर दूर एक स्थान है बासो कुंड। बसो कुंड में भगवान महावीर के जन्म स्थल पर एक विशाल जैन मंदिर का निर्माण किया है जिसमें भगवान महावीर की संगमरमर की बनी हुई मूर्ति है। इस मूर्ति में वह साधना रत अवस्था में हैं। यशपाल आसपास के ग्रामों में भगवान महावीर स्वामी की जन्मस्थली के रूप में विख्यात है। बसो कुंड ही कुंडलपुर है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अभी भी अर्ध विकसित अवस्था में ही हैं। यहां पर पर्यटक लोग और जैन धर्म और लंबी हर वर्ष काफी संख्या में पहुंचते हैं भगवान महावीर की शिक्षाएं, उनका अहिंसा, असतेय, अपरिग्रह पर जो जोर उन्होंने दिया बाद में महात्मा



गांधी ने भी इस पथ का अनुसरण किया। इस स्थान का अवलोकन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी किया था।

भगवान महावीर के पिता का नाम सिद्धार्थ और माता का नाम त्रिशला था। इसी स्थान पर राजकुमार वर्धमान ने अपने जीवन के 30 वर्ष व्यतीत किए थे और बाद में वैराग्य की अवस्था का ज्ञान होने पर ग्रस्त धर्म त्याग कर साधना में लीन हो गए थे। उनके जन्म का दिन चैत्र शुक्ल की त्रयोदशी को हर वर्ष यहां पर बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जैन धर्म के अनुयायियों का यहां पर आगमन होता है। यहीं पर यहां की समिति द्वारा धर्मशाला व ठहरने के स्थल भी निर्मित किए गए हैं। संपूर्ण क्षेत्र वृक्षों से आच्छादित है।

# तलाक से पहले फाइनेंशियल जानकारी



**खुंजरि देवांगन**

अरबों डॉलर की संपत्ति का सुख उठा रही जे.के.रॉलिंग ने अपनी पुस्तक 'हैरी पॉटर' की सीरीज लिखने से पहले जब अपने पुर्तगाली पति से तलाक लिया था तो उनकी आर्थिक स्थिति बिलकुल खराब थी। वे एडिनबर्ग में रहने वाली गरीब महिला थीं जिनके जीने का एकमात्रा सहारा उनकी बेटी थी। अपनी खराब स्थिति के कारण वे अवसाद में चली गईं और उन्होंने आत्महत्या का विचार बनाया लेकिन चिकित्सकों की मदद से वे उस स्थिति से बाहर आईं और फिर जो कुछ हुआ, वह जगजाहिर है।

रॉलिंग तो अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बना गईं लेकिन उन आम तलाकशुदा पत्नियों की सोचिए जो रॉलिंग जैसी स्थिति का सामना करते हुए थक जाती हैं और निराशा के गर्त में गिरती जाती हैं। अगर समय पर तलाक से पहले पत्नी को अपनी और अपने पति की फाइनेंशियल जानकारी हो तो वह काफी हद तक इस निराशा से बच सकती है।

अक्सर देखने में आता है कि तलाक के बाद महिलाएं भावनात्मक रूप से टूट जाती हैं और जब तक संभल पाती हैं उनके बैंक के संयुक्त खाते में एक पैसा भी नहीं बचता। लिहाजा, उन्हें मुआवजे से मिली रकम पर निर्भर होना पड़ता है या फिर गुजारे भत्ते की छोटी-सी रकम को अपनी आय का साधन बनाना पड़ता है। उस पर अगर बच्चे की जिम्मेदारी हो तो परिस्थितियां और विषम बन जाती हैं।

मैरिज काउंसलर डॉ.गीतांजलि शर्मा के अनुसार, परिवार में किसी भी परिस्थिति से निबटने के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर होना जरूरी है। आमतौर पर महिलाएं अपने छोटे से छोटे काम के लिए भी अपने पतियों पर निर्भर होती हैं जिससे उन्हें वित्तीय प्रबंधन का जरा भी ज्ञान नहीं होता। वे बैंक, बीमा या दूसरे आर्थिक क्षेत्रों में अपने पति या घर के दूसरे पुरूषों के ऊपर निर्भर रहती हैं। ऐसे में उन्हें इतनी जानकारी भी नहीं होती है कि बैंक डिपोजिट किसके नाम है और उसमें कितना पैसा है? अगर मकान है तो वह उनके नाम है या नहीं? पॉलिसी में नॉमिनी कौन है? प्रीमियम की नियत तारीख क्या है? म्यूचुअल फंड यदि लिया गया है तो फंड में मिलने वाला रिटर्न किसके खाते में जा रहा है? ऐसी परिस्थिति में अगर तलाक की गाज महिला के ऊपर गिरती है तो वह इस भावनात्मक और आर्थिक दुर्घटना से एक साथ जूझने से खुद को अक्षम पाती है।

तलाक लेने से पहले यह विचार आवश्यक बन जाता है कि तलाक के बाद वह अपना भरण-पोषण किस प्रकार करेगी? यदि वह तलाक के बाद बच्चे की कस्टडी लेना चाहती है तो क्या वह भलीभांति बच्चे का पालन-पोषण कर सकेगी? अगर तलाक पाने की इच्छुक महिला नौकरीशुदा है तो क्या उसकी आय इतनी है जिससे वह अपने और अपने बच्चे के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठा सकेगी? जिस शिक्षण संस्थान में बच्चा शिक्षा ले रहा है उसकी फीस भरना क्या उसके लिए आसान होगा? तलाक चाहने वाली महिला को अपना और अपने बच्चे का भविष्य देखते हुए फाइनेंशियल पोजिशन जरूर चेक करनी चाहिए।

डॉ.गीतांजलि कहती हैं कि तलाक की पिटिशन डालने से पहले ही पति-पत्नी के संबंध खासे खराब हो जाते हैं जिसके कारण दोनों अलग-अलग रहते हैं। गैर नौकरीशुदा महिला के लिए यह समय भी भारी पड़ सकता है, अतः इस ओर पहले से वह ध्यान दे तो बेहतर होगा। फिर तलाक प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पत्नी अपना वकील तय करती है जिसकी फीस की व्यवस्था उसे स्वयं करनी होगी।

चूंकि परिवार न्यायालय भी अपेक्षा करता है कि तलाक होने से पहले एक बार फिर पति-पत्नी अपने संबंधों पर गौर फरमाएं, इसलिए वह कुछ समय के लिए तलाक देने पर अपना निर्णय विच-ाराधीन रखता है। बिना मुआवजे और भरण-पोषण भत्ते के यह समय बिताना भी आय का साधन न होने पर महिला को भारी पड़ता है। इन स्थितियों में आने से पहले समझदारी इसी में है कि एक बजट बनाया जाए जिसमें कुल खर्च का हिसाब बनाकर यह आकलन किया जाए कि क्या तलाक की इच्छुक महिला की आय उस खर्च के हिसाब से है ?

### यदि तलाक होना निश्चित हो ही गया हो तो पहले ये महत्त्वपूर्ण कदम होने चाहिए:

▲ संयुक्त बैंक खातों पर पूर्व पति-पत्नी की सहमति से निर्णय।

▲ संयुक्त बीमा पॉलिसी संबंधी निर्णय।

▲ प्रोविडेंट फंड, भूमि, भवन और अन्य संपत्तियों में नामांकन परिवर्तन।

ये तीनों कदम ही आवश्यक और महत्त्वपूर्ण कदम हैं। कविता कपिल के मुताबिक, तलाक के बाद यदि बैंक खाते में पति का नाम नामांकित है तो जल्दी से जल्दी उसे बदलवा लेना आवश्यक है क्योंकि कई बार जब तक महिला तलाक के दर्द से उबरती है, उसका पूर्व पति संयुक्त बैंक खाते में जमा रकम गायब कर चुका होता है। नौकरीशुदा महिला अपनी बीमा पॉलिसियों,

प्रोविडेंट फंड आदि के कागजातों में नामांकित पूर्व पति का नाम समय पर हटवाकर कई परेशानियों से बच सकती हैं।

आज के दौर में हर महिला को अपने वित्तीय फैसले खुद लेने चाहिए। कहां कितना पैसा बचाना है और कहां लगाना है, इसका हिसाब खुद भी रखना चाहिए। चूंकि महिलाएं अपने वित्तीय फैसले भावनात्मक आधार पर लेती हैं, इसलिए पीछे रह जाती हैं जबकि पुरूष भावनात्मक आधार पर वित्तीय फैसले कम लेते हैं इसलिए अच्छे इनवेस्टमेंट प्लानर होते हैं। दूसरी ओर यह भी देखने में आता है कि जो महिलाएं दिखावे में पड़कर अनाप-शनाप खर्च करती हैं वे भी वित्त संबंधी निवेशों से अनजान रहती हैं जबकि इन सबसे बचे पैसे को वे समझदारी से निवेश करके परेशानी से बच सकती हैं।

यदि तलाक के बाद जीवन निर्वाह करने की बात आती है तो मुआवजे से मिलने वाली जमा पूंजी को खर्च न कर उसे उन वित्तीय निवेशों में निवेश करना चाहिए जिनसे मिलने वाले ब्याज से उनका काम आसानी से चल सकता है। (उर्वशी)

# बहुत ज़रूरी है बच्चों के साथ मिल-बैठना



**डॉ. आनन्द प्रकाश 'आर्टिस्ट'**

आज के इस भाग-दौड़ वाले युग में जी रहे हर व्यक्ति की ज़िन्दगी इतनी व्यस्त सी हो गई है कि पहले व्यक्ति जहां फुर्सत के क्षणों में अपने परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिल बैठकर परिवार के बच्चों के भविष्य को लेकर चर्चा किया करता था, वहां आज वह फुर्सत मिलते ही थोड़ा आराम करना चाहता है और चाहता है कि उसके इस आराम में कोई खलल न डाले।

हम कह सकते हैं कि ऐसे में व्यक्ति इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं करता है कि उसके बच्चे क्या कर रहे हैं और क्या नहीं। जब भी कभी उसे बच्चों की कोई गलती पकड़ में आती है तो वह गुस्सा झाड़ता है तथा स्वयं भी तनावग्रस्त होता है। जब बात इससे भी आगे बढ़ती है और उसे लगता है कि उसकी मेहनत व परिवार के प्रति दायित्वों को पूरा करने की उसकी तमाम कोशिशों का परिवार के दूसरे सदस्यों ने नाजायज़ फायदा उठाया है तो व्यक्ति अत्यधिक तनाव की स्थिति में आत्महत्या तक कर बैठता है और असल में जिन बच्चों के बिगड़ने में उनका (बच्चों का) अपना कोई विशेष हाथ नहीं होता; उन का जीवन बर्बाद हो जाता है।

इसलिए ज़रूरी है कि आज हम बच्चों के साथ मिल-बैठने का समय निकालें। उनकी भावनाओं को समझें, उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ाएं-व्यवहारिक बनाएं और व्यवहार को देखते हुए ही यह निश्चित करें कि बच्चे कहीं अनैतिक या अपराधी तो नहीं बनते जा रहे हैं।

कहना गलत न होगा कि परिवार की तरफ से बच्चों की अनदेखी किए जाने या उनके साथ मिल-बैठने का समय न निकाले जाने की वजह से बच्चे कुण्ठाग्रस्त हो जाते हैं और ऐसे में उनकी कुण्ठा किसी बाल अपराध के रूप में सामने आती है।

आज की टी. वी. संस्कृति व सस्ता साहित्य भी बच्चों की मानसिकता को दूषित करने में दिन-रात एक किए हुए हैं। न जाने ऐसे कितने ही सवाल टी. वी. देखते या सस्ता साहित्य पढ़ते वक्त बच्चे के मन में उठ सकते हैं जिनका सही जवाब पाना उनके लिए बहुत जरूरी होता है वरना उसे अपराध की दुनिया में जाने या दूषित मानसिकता से ग्रस्त होकर कोई भी असामाजिक कार्य करने में देर नहीं लगती। ऐसे में अगर हम बच्चों के साथ मिल-बैठने का समय निकाल सकें और इस बहाने टी. वी. व सस्ते साहित्य की बुराइयों पर चर्चा करके बच्चों को दूषित संस्कृति से बचा लें तो यह हमारे भी हित में होगा और समाज के भी।

कई मातापिता स्वयं बहुत सी बुराइयों के शिकार होते हैं जैसे शराब पीना, अत्यधिक धूम्रपान करना, जुआ खेलना या अवैध रोमांस करना आदि। ऐसे में वे बच्चों के साथ मिल बैठने का समय तो निकाल ही नहीं पाते, साथ ही जब यह सब कुछ बच्चों के सामने घर में ही या उनकी जानकारी के दायरे में होता है तो उन पर बहुत गलत असर पड़ता है किन्तु ऐसा नहीं कि मिल बैठने से इसके बुरे असर को दूर नहीं किया जा सकता।

मिल-बैठकर हम अपनी गलतियों व कमियों को स्वीकारें तथा बच्चों को बताएं कि जिस बुराई का शिकार हम हो चुके हैं वे बहुत बुरी है तो निश्चित रूप से बच्चे बात को समझेंगे और आप पर विश्वास करके उसी राह पर चलेंगे जिस पर आप चलाना चाहेंगे। मिल बैठने से उनकी अर्थात बच्चों की गलत आदतों का भी आपको पता चल सकेगा और आप किसी न किसी तरह उन्हें राह पर ला सकेंगे।

वैसे भी बच्चों के पास बड़ों की अपेक्षा समय अधिक होता है। जब बड़े ही समय व स्थितियों के मुताबिक दोस्त बनाने या बनने से नहीं चूकते तो फिर बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं। इस मामले में दोस्ती कितनी सही है और कितनी गलत, इसका अनुमान अनुभवी आंखें व भुक्त भोगी दिल ही लगा सकता है। अतः बच्चों के साथ मिल बैठ कर उनके दोस्तों के बारे में बारे में पूछना भी बहुत जरूरी है कि वे कौन हैं, उनकी विच-ारधारा कैसी है, दोस्ती के प्रति उनका दृष्टिकोण कैसा है आदि-आदि।

बच्चे के सही सामाजिक विकास के लिए जितनी जरूरी सही शिक्षा है, उतना ही जरूरी है उसके साथ मिल-बैठ कर उससे बातचीत करना। दूसरे शब्दों में कहें तो हम कह सकते हैं कि यह बात-चीत उसके सर्वांगीण विकास के मार्ग में उगने वाले काँटों व झाड़ झंखाड़ों को साफ करके उसे आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती है और इस रास्ते पर बच्चा तभी चलता है जब वह किसी पर हद से ज्यादा विश्वास करता है।

अगर मिल-बैठकर आप अपने बच्चे का दिल नहीं जीत पाए तो कोई और उसके साथ मिल-बैठ कर उसका दिल जीत ले जाएगा और आने वाले समय में शायद न आपके हाथ कुछ लगे और न ही इस समाज के, अतः बच्चों के साथ मिल-बैठना बहुत जरूरी है। (उर्वशी)

# नेत्र सौन्दर्य कैसे बढ़ायें

**मनीषा श्रीवास्तव**

हमारे शरीर की समस्त ज्ञानेन्द्रियों में आँखें सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण ज्ञानेन्द्रिय हैं। आंखें हंसती हैं, बोलती हैं, मुस्कुराती हैं। आंखें स्वभाव, क्रोध, प्यार, ममता इत्यादि तो दर्शाती ही हैं, आंखें, हमें यह भी बताती हैं कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति कितने सजग हैं। आंखों की चमक स्वास्थ्य का प्रतीक है।

स्वस्थ व्यक्ति की आंखों में स्वाभाविक चमक होती है, एक आकर्षण होता है। यदि आप अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हैं तो आप आंखों का कितना ही अच्छा मेकअप कर लें परन्तु खराब स्वास्थ्य, थकान तथा आंखों की देखभाल के प्रति बरती गयी लापरवाही छुपायी नहीं जा सकती, अतः हमें इनकी सुरक्षा, स्वच्छता तथा सुन्दरता के लिये निम्न बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

◆ प्रत्येक व्यक्ति के लिये पर्याप्त नींद आवश्यक है, अतः पूरी नींद लेनी चाहिये। दिन-भर में सात आठ गिलास पानी पीना चाहिये।

◆ तेज गति से चलने वाले और ऊपर नीचे उछलने वाले वाहनों में कम से कम पढ़ना चाहिये। टेऱन के डिब्बे से कभी कभी पीछे छूटने वाले पेड़ व अन्य वस्तुओं को देखें। इससे आंखों को आराम मिलता है।


◆ आंखों के आस-पास तैलीय वस्तु न लगायें। तेल आंखों के अन्दर जाने से आंखों की दृष्टि पर प्रभाव पड़ता है।

◆ आंखों को तेज रोशनी, धूल, कड़ी धूप, बहुत निकट से पढ़ना, तनाव, रात में अधिक देर तक जागना, अधिक रोना आदि से बचायें।

◆ अच्छी कम्पनी के बने नेत्रा सौंदर्य प्रसाधन ही प्रयोग करें। पार्टी से लौटकर आंखों का मेकअप उतार कर आंखों को तरोताजा करें।

◆ आंखों को स्वस्थ रखने के लिये कुछ आदतें व व्यायाम बहुत उपयोगी हैं। इन्हें दैनिक जीवन में सम्मिलित कर लिया जाये तो इससे आंखें स्वस्थ रहेंगी। साथ ही जिनकी दृष्टि कमजोर है उनकी आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी सहायता करेंगे।

◆ थकी आंखों को आराम देने के लिये दिनभर



में 2-3 बार पॉमिंग (2-3 मिनट) अवश्य करें।

◆ चमकदार आंखों के लिये विटामिन 'ए' पर्याप्त मात्रा में लेना चाहिये। गाजर, पपीता, दूध, मछली, मक्खन, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, फलों के रस में विटामिन 'ए' के तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। रोज-सुबह रात तक 4-5 बार आंखों को ठंडे पानी से छींटे मारकर धोयें। रात में त्रिफला भिगोकर रख दें। सुबह छाने हुये पानी से आंखें धोयें। इससे आंखें निरोगी रहेंगी।

◆ आंखों के नीचे काले घेरे हो गये हों तो रोज दस-पन्द्रह मिनट कच्चा आलू का रस या खीरे का टुकड़ा रखें। ऐसा करने से थकी आंखों को आराम भी मिलता है।

◆ सुबह नंगे पैर घास पर चलने से नेत्रा ज्योति बढ़ती है।

### सावधानियां

◆ धीमे प्रकाश में पढ़ाई व सिलाई जैसे कार्य न करें। रात में यदि टेबिल लैम्प में पढ़ें तो बल्ब का प्रकाश सीधे किताब पर न पड़े। इससे आंखों की रोशनी पर बहुत प्रभाव पड़ेगा। टी.वी. देखते समय या पढ़ते समय पलकें झपकाते रहें।

◆ आंखों में कंकड़ चले जाने पर उसे किसी भी कीमत पर मसलें नहीं। पानी के छींटे डालकर अच्छी तरह धो लें।

**व्यायाम:-** आंखों को बायें से दायें गोल-गोल घुमायें। इसमें आंखों से 10-12 इंच की दूरी पर उंगली सीधी रखें। उंगली गोल गोल घुमायें, साथ में आंखें भी। यह अभ्यास 12 बार करें।

◆ इसी प्रकार अगली क्रिया करने से पहले आंखों को तीस सैकेण्ड का आराम दें। अगली प्रक्रिया में आंखों को दायें से बायें गोल-गोल घुमायें। यह क्रिया भी 12 करें।

◆ इसी प्रकार तीस सैकेण्ड आंखों को बन्द कर आराम देने के बाद ऊपर नीचे उंगली के साथ आंखें करें। यह अभ्यास भी बारह बार करें।

◆ अगली प्रक्रिया में 30 सेकेण्ड आराम देने के बाद आंखों को तिरछा, बायें, ऊपर, नीचे, फिर दाहिनी तरफ ऊपर, नीचे देखें।

◆ आंखों को बन्द करें। उंगली से नासिका पूरी ढक लें। आंखें खोलें, उंगली को धीरे बाहर इंच की दूरी तक ले जाये और धीरे-धीरे वापस लायें। बारह बार अभ्यास करें।

◆ इन सभी कसरतों को करने के बाद 3-4 मिनट पॉमिंग अवश्य करनी चाहिये।

◆ आंखों को स्वस्थ रखने के लिये इन बातों पर ध्यान देने से आपका नेत्रा सौंदर्य वास्तविक रूप से बढ़ जायेगा। (उर्वशी)

# पढ़ने से बढ़ने का रास्ता खुलता है



**डॉ त्रिलोक नाथ पांडेय**

अक्षय को पढ़ाई में सबसे कठिन विषय लगता था-हिन्दी। उसे लगने लगा था कि यह केवल लंबी कविताओं, कठिन व्याकरण और भारी भरकम निबंधों से भरा विषय है। स्कूल में जब भी हिन्दी की किताब खोली जाती, अक्षय ऊब जाता और उसे समझने में कठिनाई महसूस होती।

कक्षा में जब शिक्षिका संध्या मैम कोई कविता पढ़वातीं, तो अक्षय हमेशा सिर झुका लेता, ताकि उसे न बुलाया जाए। परीक्षा में भी उसके हिन्दी के अंक सबसे कम आते थे। उसके माता-पिता परेशान थे कि जब यह उसकी मातृभाषा है, तो उसे हिन्दी से इतनी परेशानी क्यों होती है?

एक दिन, संध्या मैम ने कक्षा में सभी छात्रों से उनकी पसंदीदा किताब के बारे में पूछा। कुछ बच्चों ने पंचतंत्र, कुछ ने अकबर-बीरबल और कुछ ने रामायण-महाभारत के बारे में बताया। अक्षय चुपचाप बैठा रहा। मैम ने जब उससे पूछा, तो उसने धीरे से कहा, मुझे पढ़ना पसंद नहीं है, मैम।

मैम मुस्कुराईं और बोलीं, शायद तुम्हें अभी तक कोई रोचक किताब नहीं मिली। फिर उन्होंने लाइब्रेरी से अक्षय को स्वामी विवेकानंद की प्रेरणादायक कहानियाँ नामक एक पुस्तक दी और कहा, इसमें कुछ छोटी कहानियाँ हैं। हर दिन बस एक कहानी पढ़ने की कोशिश करो।

पहले तो अक्षय को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन उसने किताब को उलटना-पलटना शुरू किया। पहली कहानी थी-उठो, जागो और लक्ष्य तक मत रुको। कहानी में बताया गया था कि कैसे स्वामी विवेकानंद ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम किया और दूसरों को भी प्रेरित किया। अक्षय को यह कहानी पसंद आई।



अब वह हर दिन एक कहानी पढ़ने लगा। कभी अकबर-बीरबल की चतुराई, तो कभी तेना-लीराम के हास्य प्रसंग। धीरे-धीरे उसे हिन्दी पढ़ने में आनंद आने लगा। उसके शब्द भंडार में वृद्धि होने लगी और उसकी रुचि भी बढ़ती गई।

कुछ महीनों बाद, स्कूल में हिन्दी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित हुई। संध्या मैम ने अक्षय को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पहले तो वह डर गया, लेकिन अब वह आत्मविश्वास से भरा था। उसने सुभाषितानि में से एक प्रेरणादायक कविता चुनी और पूरे जोश के साथ मंच पर सुनाई। उसकी आवाज़ में आत्मविश्वास था, शब्दों में गहराई थी, और भावनाओं में सच्चाई थी।

पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अक्षय को प्रथम पुरस्कार मिला! वह स्वयं भी विश्वास नहीं कर पा रहा था कि वही अक्षय, जिसे कभी हिन्दी समझने में कठिनाई होती थी, अब सबके सामने बोलने की हिम्मत कर रहा था।

संध्या मैम ने मंच पर आकर कहा, जब हम सही तरीके से पढ़ने की आदत डालते हैं, तो भाषा हमें एक नई दुनिया में ले जाती है। अक्षय ने यह साबित कर दिया है कि हिन्दी कठिन नहीं, बल्कि सुंदर और प्रेरणादायक भाषा है।

उस दिन के बाद, अक्षय की दुनिया बदल गई। अब वह हिन्दी को सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि एक रंगीन, ज्ञानवर्धक और रोचक भाषा के रूप में देखने लगा।

## रेसिपी कार्नर: शकरकंद का हलवा






अगर आपको मीठा खाने का मन कर रहा है और आप हेल्दी ऑप्शन भी चाहते हैं, तो शकरकंद का हलवा एक परफेक्ट चॉइस है। शकरकंद में नेचुरल मिठास होती है और यह फाइबर, विटामिन ए, सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। यह हलवा न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि पाचन को दुरुस्त रखता है और शरीर को इंस्टेंट एनर्जी भी देता है। खास बात यह है कि इसे बनाना भी बेहद आसान है। आइए जानते हैं।

शकरकंद का हलवा बनाने की आसान रेसिपी

### सामग्री:

शकरकंद - 2 मध्यम आकार के (उबले और छिले हुए)

घी - 2 टेबलस्पून

दूध - 1/2 कप

गुड़/शक्कर - 1/4 कप (स्व-ादानुसार)

इलायची पाउडर - 1/2 टीस्पून

कटा हुआ मेवा - 2 टेबलस्पून (बादाम, काजू, पिस्ता)

केसर - 4-5 धागे (वैकल्पिक, लेकिन स्वाद बढ़ाने के लिए बढ़िया)

### बनाने की विधि:

◆ सबसे पहले उबले हुए शकरकंद को अच्छे से मैश कर लें।

◆ एक पैन में घी गरम करें और इसमें मैश किया हुआ शकरकंद डालकर 3-4 मिनट तक भूनें, जब तक हल्की खुशबू न आने लगे।

◆ अब इसमें दूध डालें और लगातार चलाते हुए पकाएं ताकि मिश्रण गाढ़ा हो जाए।

◆ इसके बाद गुड़ या शक्कर डालकर अच्छे से मिलाएं और 2-3 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें।

◆ इलायची पाउडर, केसर और कटे हुए मेवे डालें और अच्छे से मिक्स करें। 2 मिनट और पकाएं, फिर गैस बंद कर दें।

गरमागरम हलवा सर्व करें और इसका आनंद लें।

### शकरकंद हलवा खाने के बेहतरीन फायदे

डाइजेशन के लिए बेहतरीन: फाइबर से भरपूर शकरकंद पाचन को सुधारने में मदद करता है।

इम्युनिटी बूस्टर: इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

एनर्जी का पावर हाउस: खासतौर पर उपवास या व्रत के दौरान यह हलवा तुरंत एनर्जी देता है।

डायबिटीज फ्रेंडली: अगर इसे गुड़ से बनाया जाए तो यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल कर सकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### केरल में दसवीं कक्षा के दो छात्र मृत पाए गए

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में दसवीं कक्षा के दो छात्र अपने घरों में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अट्टिंगल में 15 वर्षीय एक लड़का अपने घर के शयनकक्ष में फंदे से लटका हुआ मिला जबकि यहां के निकट मरानाल्लूर में भी 15 वर्षीय एक लड़की अपने घर में एक पंखे से फंदे के जरिये लटकी हुई मिली। केरल में ये घटनाएं ऐसे समय में हुईं हैं जब यहां दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों मामले आत्महत्या के प्रतीत होते हैं तथा जांच शुरू कर दी गई है।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता का निधन

**नयी दिल्ली/जयपुर :** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह का शनिवार सुबह निधन हो गया। मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि पिता का अंतिम संस्कार हरियाणा के जमालपुर गांव में किया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख मदन राठौर और अन्य नेताओं ने केंद्रीय मंत्री के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। यादव, राजस्थान के अलवर से लोकसभा सदस्य हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। प्रभु राम पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### चकराता में सड़क दुर्घटना, दो लोगों की मौत

**देहरादून :** उत्तराखंड के देहरादून जिले के चकराता क्षेत्र में लोखंडी के पास एक कार के शनिवार सुबह गहरी खाई में जा गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बुंदेल रोड पर हुआ, जहां कार अचानक अनियंत्रित होकर 900 मीटर गहरी खाई में गिर गई। उसने बताया कि हादसे के समय वाहन में चार लोग सवार थे, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे की सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में पुलिस की मदद की।

### दिल्ली में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 4.1 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि आर्द्रता का स्तर 62 से 50 प्रतिशत के बीच रहा। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार दिल्ली में इस साल अब तक का सबसे गर्म दिन रहा और अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7.3 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग ने रविवार को सामान्य रूप से आसमान में बादल छाए रहने तथा हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है।

### यस बैंक-डीएचएफएल मामला: गोयनका, बलवा के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इनकार

**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा यस बैंक-डीएचएफएल धोखाधड़ी मामले में व्यवसायी विनोद गोयनका और शाहिद बलवा के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उनके (गोयनका और बलवा के) खिलाफ आरोप नहीं बनते हैं। विशेष अदालत ने कहा कि दोनों को नोटिस जारी करने के लिए कोई मामला नहीं बनता क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उनका बैंक को धोखा देने का कोई इरादा था। अदालत ने यह भी कहा कि दोनों ने डीएचएफएल से जो ऋण लिया था, वह पूरक आरोपपत्र दाखिल करने से पहले चुका दिया गया था।

# प्रधानमंत्री ने विकास के साथ पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व शांति सुनिश्चित की : शाह



### कांग्रेस ने असम में शांति स्थापित नहीं होने दी जबकि मोदी ने इसे बहाल किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस ने असम में शांति स्थापित नहीं होने दी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बहाल किया, बुनियादी ढांचे का विकास किया और पूर्वोत्तर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया। शाह गोलाघाट जिले के देरगांव में पुनर्निर्मित लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी।

**आइजोल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास के साथ-साथ क्षेत्र में अभूतपूर्व शांति सुनिश्चित की है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए शाह ने असम राइफल्स के प्रतिष्ठानों को प्रदेश की राजधानी आइजोल से करीब 15 किलोमीटर पूर्व में स्थित जोखावसांग में एक निर्दिष्ट शिविर में स्थानांतरित करने के अवसर पर आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। शाह ने इस अवसर पर कहा, ''मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से पूरे पूर्वोत्तर को मजबूत बनाने, विकसित करने और एकजुट करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लिए पर्यटन से लेकर तकनीक, खेल से लेकर अंतरिक्ष, कृषि से लेकर उद्यमिता तक हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।'' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले पूर्वोत्तर में पूर्व प्रधानमंत्रियों ने केवल 21 बार दौरा किया था। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस क्षेत्र का 78 बार दौरा किया है।''

# कनाडा: प्रधानमंत्री कार्नी के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की दो मंत्री शामिल

**ओटावा :** भारतीय-कनाडाई अनीता आनंद और दिल्ली में जन्मी कमल खेड़ा कनाडा के नये प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के मंत्रिमंडल में शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कनाडा के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। कार्नी (59) ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की जगह ली, जिन्होंने जनवरी में अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। लिबरल पार्टी द्वारा नया नेता चुने जाने तक ट्रूडो सत्ता में बने रहे। आनंद को (58) नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री बनाया गया है जबकि 36 वर्षीय खेड़ा स्वास्थ्य मंत्री हैं। दिल्ली में जन्मी खेड़ा का परिवार उस समय कनाडा चला गया था जब वह स्कूल की शिक्षा ग्रहण कर थीं। बाद में उन्होंने टोरंटो के यॉर्क विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक की डिग्री हासिल की। कनाडा के प्रधानमंत्री की वेबसाइट पर उल्लेख है



कि खेड़ा को पहली बार 2015 में ब्रैम्पटन वेस्ट से संसद सदस्य के रूप में चुना गया था। इसमें कहा गया है, ''मंत्री खेड़ा संसद के लिए चुनी गई सबसे कम उम्र की महिलाओं में से एक हैं। वह एक पंजीकृत नर्स, सामुदायिक स्वयंसेवक और राजनीतिक कार्यकर्ता हैं।'' खेड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक नर्स के रूप में, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता हमेशा अपने मरीजों की सहायता के लिए मौजूद रहना था और यही मानसिकता मैं स्वास्थ्य मंत्री की भूमिका में भी हर दिन अपनाऊंगी। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा मुझे पर जताये गये भरोसे के लिए बहुत आभारी हूं।'' राजनीति में आने से पहले, उन्होंने टोरंटो के सेंट जोसेफ हेल्थ सेंटर में एक पंजीकृत नर्स के रूप में काम किया था।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता का संतोषजनक स्तर, शनिवार को एक्यूआई 85 दर्ज

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में शनिवार को पिछले तीन वर्ष में एक जनवरी से 15 मार्च के बीच किसी भी दिन की तुलना में सबसे स्वच्छ वायु गुणवत्ता रही। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शनिवार को शाम चार बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 85 रहा, जो इसे 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है। यह साल 2025 का पहला 'संतोषजनक' एक्यूआई दिन था। शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया, आज दिल्ली में औसत एक्यूआई 85 दर्ज किया गया, जो एक जनवरी से 15 मार्च की अवधि के लिए पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। आज का एक्यूआई चालू वर्ष का पहला दिन भी है, जो 'संतोषजनक' एक्यूआई श्रेणी में (एक्यूआई 51-100) रहा। सीएक्यूएम ने जानकारी दी कि दिल्ली में 2020 के बाद से पांच वर्षों में पहली बार मार्च में 'संतोषजनक' श्रेणी में एक्यूआई रहा है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसमी औसत से 4.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

## एकनाथ शिंदे पहले कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे : संजय राउत का दावा

**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने शनिवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पहले कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे। हालांकि राउत ने उस वर्ष या महीने का उल्लेख नहीं किया जब शिंदे ने स्पष्ट रूप से ऐसा करने (पार्टी बदलने) की योजना बनाई थी। उन्होंने दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल का हवाला दिया। शिंदे द्वारा जून 2022 में किये गये विद्रोह के बाद अविभाजित शिवसेना दो धड़ों में बंट गई थी। राउत ने संवाददाताओं से कहा, मुझे पता है कि क्या चल रहा था। अहमद पटेल अब जीवित नहीं हैं



और इसलिए मैं इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि वह इस बात को प्रमाणित करने के लिए मौजूद नहीं हैं। पटेल का 25 नवंबर 2020 को निधन हो गया। जब इस बारे में और पूछा गया तो राउत ने कहा, इसके बारे में (वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री) पृथ्वीराज चव्हाण से पूछिए। 'पीटीआई भाषा' द्वारा प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क किये जाने पर चव्हाण ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शिंदे की प्रतिक्रिया तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी। महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार (राकांपा) को मुख्यमंत्री का बारी-बारी से पद देने के वादे के साथ विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का प्रस्ताव देकर खलबली मचा दी थी। उन्होंने होली समारोह के दौरान ये टिप्पणियां कीं। प्रतिक्रिया मांगे जाने पर राउत ने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।

## दिल्ली के द्वारका में होली का उत्सव हुआ हिंसक : व्यक्ति से मारपीट और कार में तोड़फोड़

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में द्वारका के गोयला डेरी क्षेत्र में होली का जश्न उस समय हिंसक हो गया ,जब रंग डालने को लेकर हुई तीखी बहस के बाद मारपीट हुई और एक टैक्सी में तोड़फोड़ की गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना गोयला डेरी स्थित छठ घाट पार्क में हुई, जहां कुतुब विहार फेज 1 निवासी राजू कुमार (35) अपनी टैक्सी से अपने दोस्त राजेश से मिलने गया था। अधिकारी ने शुरुआती जांच के हवाले से बताया कि होली खेलते समय गलती से उनका रंग एक स्थानीय लड़के पर पड़ गया, जिससे उनमें बहस शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि इस दौरान गुस्से में आकर राजू ने कथित तौर पर लड़के को मारा, जिसके बाद वह मौके से चला गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया, ''कुछ ही देर बाद लड़का अपने दोस्तों के साथ लौटा और राजू तथा उसके दोस्त पर हमला कर दिया। समूह ने टैक्सी में भी तोड़फोड़ की और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिये।'' उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायतकर्ता को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन राजू ने घटना वाले दिन अपना बयान दर्ज नहीं कराया। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को वह पुलिस थाना में उपस्थित हुआ और अपना बयान दर्ज कराया जिसके बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

## जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नियमों पर कैबिनेट उप-समिति के लिए कोई समयसीमा तय नहीं: सरकार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को विधानसभा में बताया कि तीन सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति के लिए कोई विशेष समय-सीमा तय नहीं की गई है। इस समिति का गठन पिछले साल केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों की जांच करने के लिए किया गया था। यह जानकारी सामाजिक कल्याण मंत्री सकीना इटू ने सदन में पीपुल्स कांफ्रेंस के विधायक सज्जाद गनी लोन के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। कैबिनेट उप-समिति का गठन इटू की अध्यक्षता में पिछले वर्ष दिसंबर में किया गया था। इस कैबिनेट उप-समिति के सदस्य मंत्री सतीश शर्मा और जावेद राणा हैं। यह समिति अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद को सौंपने जा रही है। पिछले पांच सालों में केंद्र सरकार द्वारा आरक्षित श्रेणी में और अधिक समुदायों को जोड़ने और केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण बढ़ाने के फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर में आरक्षण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। जम्मू-कश्मीर में आरक्षण 70 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्र के कदम पर आपत्तियां बढ़ रही हैं।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में साधु-संतों के साथ मनाई होली

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में साधु-संतों के साथ होली मनाई, जिनमें कॉलेज में उनके जूनियर और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि भी शामिल थे। समारोह के दौरान छात्र राजनीति में यादव के जूनियर रहे स्वामी शैलेशानंद मुख्यमंत्री को गुलाल लगाते और पुरानी यादें ताजा करते नजर आए। स्वामी शैलेशानंद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मोहन यादव मुझसे पांच-छह साल सीनियर थे और वह माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजनीति में सक्रिय थे। उन्होंने कहा, मैं उस समय शैलेश व्यास था और उनसे (यादव) बहुत जूनियर था। उस समय



कांग्रेस की सरकार थी और मैं छात्र संघ का नेता था। एबीवीपी प्रारंभिक अवस्था में था और यादव, वीडी शर्मा (भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के मौजूदा अध्यक्ष), नरेश शर्मा, प्रदीप पांडे, भवर सिंह चौधरी और अनिल जैन (विधायक) ने संगठन को खड़ा करने के लिए दिन-रात काम किया। स्वामी शैलेशानंद ने कहा कि एबीवीपी छात्र राजनीति में खुद को स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रही थी, लेकिन यादव की तपस्या रंग लाई और संगठन राज्य में मजबूत होकर उभरा। उन्होंने कहा, मोहन यादव मेरे बड़े भाई की तरह हैं और वह हमेशा मेरा साथ देते थे।

## पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन, अनुशंसा की प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन और सिफारिशें शनिवार को शुरू हुईं। ये पुरस्कार विशिष्ट व्यक्तियों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिए जाते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गणतंत्र दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले अगले वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशों की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के रूप में दिये जाने वाले ये पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है और इसकी शुरुआत 1954 में हुई थी। इन पुरस्कारों का उद्देश्य 'विशिष्ट कार्य' को मान्यता देना है और कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों व विषयों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिया जाता है। बयान के मुताबिक, जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक आधार पर भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं।

## दक्षिण लेबनान में ड्रोन हमला कर हिजबुल्ला सदस्य को मार गिराया : इजराइल

**बेरूत :** इजराइल ने दावा किया कि शनिवार को दक्षिणी लेबनान में ड्रोन हमला कर उसने एक कार को निशाना बनाया गया,जिसमें सवार हिजबुल्ला सदस्य मारा गया। सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने बुर्ज अल-म्लौक गांव में हुए हमले की हालांकि विस्तृत जानकारी नहीं दी। यह हवाई हमला, नवंबर के अंत में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के बाद से हो रहे हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। इसके परिणामस्वरूप 14 महीने से चल रहा इजराइल-हिजबुल्ला युद्ध समाप्त हो गया था। इजराइली सेना ने कहा कि मारा गया हिजबुल्ला सदस्य सीमावर्ती गांव कफर किला में सक्रिय था। यह हमला लेबनान की सैन्य अदालत द्वारा इजराइल को डिजिटल जानकारी देने के मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों को कारवास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद हुआ है। चार न्यायिक अधिकारियों ने शनिवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि दोनों दोषियों में एक को 15 वर्ष की कारावास और दूसरे को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई है। अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि तीसरे आरोपी को सबूतों के अभाव में रिहा कर दिया गया।

## मप्र : अनुष्ठान के दौरान तांत्रिक ने बच्चे को आग पर उल्टा लटकाया

**शिवपुरी :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक तांत्रिक ने भूत भगाने के नाम पर किए गए अनुष्ठान के दौरान छह महीने के बच्चे को आग पर उल्टा लटका दिया, जिससे उसकी आंखों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने स्वयंभू तांत्रिक की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, अनुष्ठान के कारण बच्चे की आंखें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं और यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि उसकी रोशनी वापस आएगी भी या नहीं। अधिकारियों के अनुसार, यह चौंकाने वाली घटना 13 मार्च को कोलारस थाना क्षेत्र में हुई, जब बच्चे के माता-पिता उसे तांत्रिक रघुवीर धाकड़ के घर ले गए, ताकि उसकी तकलीफ का इलाज हो सके। अधिकारियों ने बताया कि धाकड़ ने बच्चे के माता-पिता से कहा कि उनके बेटे पर कुछ साये हावी हो रहे हैं और भूत भगाने के अनुष्ठान के नाम पर बच्चे को आग पर उल्टा लटका दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना तब सामने आई, जब बच्चे के माता-पिता उसे शिवपुरी जिला अस्पताल ले गए। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया, लड़के का इलाज किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव के कोटवार जनवेद परिहार की शिकायत पर धाकड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल सोने की तस्करी में किया गया : अदालत से डीआरआई

**बेंगलुरु :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने अदालत में कहा है कि कर्नाटक पुलिस प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी गिरोह में किया गया था। रान्या को जमानत देने के खिलाफ अपनी दलील में केंद्रीय एजेंसी ने आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत को बताया कि आरोपी ने इस साल जनवरी से 27 बार दुबई की यात्रा की थी। रान्या डीजीपी रैंक के अधिकारी के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। वह कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और बुनियादी ढांचा विकास निगम के प्रबंध निदेशक हैं। डीआरआई ने कहा, अब तक की जांच में सोने की तस्करी में इस्तेमाल की गई परिष्कृत कार्यप्रणाली, सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल, सोना खरीदने के लिए भारत से दुबई में धन स्थानांतरित करने के लिए हवाला लेनदेन और बड़े गिरोह की संलिप्तता का पता चला है। इन दलीलों के बाद अदालत ने शुक्रवार को रान्या को जमानत देने से इनकार कर दिया। आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश विश्वनाथ सी. गौड़र ने डीआरआई की दलीलों पर गौर किया। अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा, इस मामले में, आरोपी नंबर एक (रान्या) के पास संयुक्त अरब अमीरात का निवासी पहचान पत्र होना और जनवरी 2025 से 27 मौकों पर दुबई की यात्रा करने का इतिहास होना एक अन्य कारक है, जो अदालत को आरोपी को जमानत देने की विवेकाधीन राहत देने के लिए प्रेरित नहीं करता है। डीआरआई ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जांच जारी है। इसमें कहा गया कि रान्या ने हिरासत में जांच के दौरान सहयोग नहीं किया। अदालत ने अपने आदेश की प्रति में कहा, यह भी विशेष रूप से तर्क दिया गया है कि कथित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती है और इसके लिए सात वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

## अमेरिका में आये जबरदस्त तूफान से 17 लोगों की मौत

**ओक्लाहोमा सिटी :** अमेरिका के कई इलाकों में आए जबरदस्त तूफान में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिसौरी प्रांत राजमार्ग गश्ती दल ने शनिवार को बताया कि मिसौरी में आए तूफान के कारण 11 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी ने बताया कि कई लोग घायल भी हुए हैं। अर्कंसास के अधिकारियों ने शनिवार सुबह कहा कि इंडिपेंडेंस काउंटी में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ काउंटी में 29 अन्य घायल हो गये। अर्कंसास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि राज्यभर की सोलह काउंटी में मकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ बिजली की लाइनें और पेड़ गिरने की सूचना मिली है।

# भाजपा ने कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को आरक्षण की निंदा की, राहुल की वियतनाम यात्रा पर उठाया सवाल

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कर्नाटक सरकार के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए इसकी आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है और इससे राष्ट्रीय एकता कमजोर होगी। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से वियतनाम के प्रति अपने ''असाधारण लगाव'' के बारे में बताने को कहा और दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में उस देश में अधिक समय बिता रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल नए साल के दौरान भी वियतनाम में थे और होली के दौरान भी वहीं थे। प्रसाद ने कहा, ''उस देश की उनकी बार-बार यात्रा कौतूहल पैदा करने वाली है।'' उन्होंने गांधी पर विपक्षी दलों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक सांप्रदायिक और वोट बैंक की राजनीति में कांग्रेस का नेतृत्व करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों के लिए कोटा तय करने के फैसले के पीछे भी गांधी का ही हाथ है। प्रसाद ने कहा कि ऐसा निर्णय छोटा लग सकता है, लेकिन इस तरह के घटनाक्रमों के गंभीर राष्ट्रीय परिणाम होते हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या इस तरह की प्रतिस्पर्धी तुष्टीकरण की राजनीति की कोई सीमा है और क्या सिनेमा और रेल टिकट खरीदने के लिए मुसलमानों की अलग कतारें लगेंगी। पूर्व कानून मंत्री ने दावा किया कि ऐसे फैसले उन मुसलमानों की आवाज को भी कमजोर करते हैं जो ऐसी राजनीति के खिलाफ हैं और देश के विकास के लिए खड़े हैं। प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान मुसलमानों के लिए अलग व्यवहार की कई मांगों का परिणाम अंततः देश का विभाजन हुआ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के फैसले को अदालतों में चुनौती दी जाएगी। प्रसाद ने कहा कि संविधान में सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण का प्रावधान है और विभिन्न राज्यों में मुसलमानों को भी इसका लाभ मिला है। कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ठेकेदारों को सरकारी निविदाओं में चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है।

# धार्मिक भेदभाव सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित करता है: भारत

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने कहा है कि वह मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ खड़ा है। साथ ही इस तथ्य को स्वीकार करने की आवश्यकता को रेखांकित किया कि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित कर रही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने शुक्रवार को कहा, ''भारत विविधता और बहुलता का देश है। हम दुनिया के लगभग हर बड़े धर्म के अनुयायियों का घर हैं और भारत चार विश्व धर्मों अर्थात् हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म का जन्मस्थान रहा है। 20 करोड़ से ज्यादा नागरिक इस्लाम का पालन करते हैं, इसलिए भारत दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है।'' हरीश ने इस्लामोफोबिया (इस्लाम को लेकर अनावश्यक भय दिखाना) का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूर्ण अधिवेशन की अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक भेदभाव, घृणा और हिंसा से मुक्त विश्व का निर्माण करना अनादि काल से भारत की जीवन पद्धति रही है। भारतीय राजदूत ने कहा, ''हम मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ एकजुट हैं। हालांकि, यह पहचानना भी जरूरी है कि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित करती है।'' उन्होंने कहा, ''हमारा दृढ़ विश्वास है कि सार्थक प्रगति का मार्ग इस बात को स्वीकार करने में निहित है कि विभिन्न रूपों में धार्मिक भय हमारे विविध, वैश्विक समाज के ताने-बाने के लिए खतरा है।'' हरीश ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण की शुरुआत रमजान के पवित्र महीने की बधाई देने के साथ-साथ होली की शुभकामनाएं देकर की, क्योंकि रंगों का यह त्योहार पूरे भारत और दुनिया भर में मनाया जाता है। भारत ने पूजा स्थलों और धार्मिक समुदायों को निशाना बनाकर की जाने वाली हिंसा में चिंताजनक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

# मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्ल्यूपीएल चैंपियन, दिल्ली कैपिटल्स फिर खिताब से चूकी

**मुंबई :** नेट सिवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। इसी के साथ मुंबई एक बार फिर महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में कामयाब हुई। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले हरमनप्रीत कौर की टीम ने दिल्ली को पहले संस्करण के फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को उसके बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। टीम ने महज 44 के स्कोर पर चार विकेट गंवाए। कप्तान मेग लैनिंग 13 और शेफाली वर्मा सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेस जोनासन को अमेलिया कर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन बनाए। वहीं, एनाबेल सदरलैंड दो, सारा ब्राइस ने पांच, मिन्नू मणि ने चार रन बनाए। निकी प्रसाद 25 और श्री चरणी तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए नेट सिवर ब्रंट ने तीन जबकि अमेलिया कर ने दो विकेट लिए। वहीं, शबनम इस्माइल, हीली मैथ्यूज और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।




## सविता और हरमनप्रीत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, 1975 विश्व कप विजेता हॉकी टीम भी सम्मानित





**नयी दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें।' वहीं तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा, 'इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। यह मेरे साथी खिलाड़ियों को समर्पित है।' वहीं वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी सविता को मिला।सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का परगट सिंह पुरस्कार अमित रोहिदास ने जीता जबकि सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजितपाल सिंह पुरस्कार हार्दिक सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार अभिषेक को दिया गया। वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 महिला खिलाड़ी का असुंथा लाकड़ा पुरस्कार ड्रैग फ्लिकर दीपिका को मिला जबकि पुरूष वर्ग में जुगराज सिंह पुरस्कार अराइजीत सिंह हुंडल ने जीता।

## छेत्री के संन्यास से लौटने के बाद भारत का लक्ष्य बिना गोल गंवाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना



**शिलांग :** सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन ने शनिवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है। भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झिंगन (31 वर्ष) ने कहा, 'हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा।'

# कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं, कोहली ने संन्यास की अफवाहों को खारिज किया

**बेंगलुरु :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह फिलहाल संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनके अंदर 'प्रतिस्पर्धी भावना' पूरी तरह से बरकरार है। कोहली ने दुबई में हाल में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी उनके बारे में संन्यास की चर्चाओं को खारिज कर दिया। कोहली ने 'आरसीबी इनोवेशन लैब' में एक बातचीत सत्र के दौरान कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है।' कोहली ने कहा कि उन्हें उपलब्धियां हासिल करने की इच्छा नहीं है लेकिन वह पूरी तरह क्रिकेट का आनंद लेने के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं।' कोहली ने कहा कि 'प्रतिस्पर्धी भावना' के कारण खिलाड़ी के लिए खेल से दूर जाने का सही समय ढूंढना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई।' कोहली ने कहा, 'उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी।'




### ओलंपिक चैम्पियन बनना शानदार होगा और आईपीएल की इसमें अहम भूमिका है : कोहली

**बेंगलुरू :** चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट के शामिल होने से रोमांचित हैं और उन्होंने कहा कि खेल को ओलंपिक में जगह दिलाने में इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी भूमिका रही है। पेरिस ओलंपिक 1900 के बाद पहली बार क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। कोहली ने आरसीबी इनोवेशन लैब टॉक शो में शनिवार को कहा, 'ओलंपिक चैम्पियन बनना शानदार अनुभव होगा। आईपीएल की इसमें बड़ी भूमिका रही है। इसने क्रिकेट को ऐसे मुकाम पर पहुंचाया कि अब वह ओलंपिक का हिस्सा है। हमारे कुछ खिलाड़ियों के लिये यह बड़ा मौका है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को इसका अनुभव पहली बार होगा। मुझे यकीन है कि हम उस पदक के करीब होंगे। दोनों महिला और पुरूष टीमें।' कोहली 2028 तक 40 बरस के हो जायेंगे और उनका ओलंपिक में खेलना मुश्किल है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'ओलंपिक में, पता नहीं। अगर हम स्वर्ण पदक के लिये खेल रहे हैं तो मैं एक मैच खेलकर, पदक लेकर वापिस लौट आऊंगा। लेकिन मुझे लगता है कि यह खेल के लिये बहुत अच्छी बात है।'

## न्यूज अपडेट

### रोहित बने रह सकते हैं टेस्ट कप्तान, लेकिन बीसीसीआई में राय अब भी बटी हुई



**नयी दिल्ली :** चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने रोहित शर्मा का कद और ऊंचा कर दिया है जिससे अगर वह टेस्ट कप्तान बरकरार रहें और इंग्लैंड दौरे पर टीम के कप्तान के तौर पर जाएं तो यह हैरानी की बात नहीं होगी, हालांकि चयनकर्ताओं ने 20 जून से शुरू होने वाले दौरे के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। समझा जाता है कि कप्तानी के लिए एकमात्र पसंद के तौर पर रोहित के लिए आम सहमति नहीं बन पाई है। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस की स्थिति भी एक मुद्दा है जिससे युवा भारतीय खिलाड़ियों की अगली पंक्ति में संभावित स्पष्ट नेतृत्वकर्ता का भी अभाव है। रोहित पर दुबई में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था, दुबई में खिताब ने निश्चित रूप से कप्तान को राहत दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या राष्ट्रीय चयन समिति चुनौतीपूर्ण टेस्ट प्रारूप पर फैसला लेते समय वनडे प्रारूप में सफलता पर विचार करेगी। टीम को पिछले डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) चक्र में छह शिकस्त मिली थी। भारत के लिए नया चक्र इंग्लैंड श्रृंखला से शुरू होगा जहां पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'तकनीकी रूप से रोहित टेस्ट कप्तान हैं।

### भारतीय निशानेबाजों ने विश्व कप से पहले राष्ट्रीय शिविर में तैयारी शुरू की



**नयी दिल्ली :** अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय निशानेबाज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं जो शनिवार से आगामी सत्र की तैयारियों का अपना अंतिम चरण शुरू कर रहे हैं। कुछ निशानेबाजों को छोड़कर 35 सदस्यीय दल के अधिकांश निशानेबाज शुक्रवार को शिविर में पहुंच गए और अपने-अपने कोचों के साथ अभ्यास करना शुरू कर दिया है। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है। इसके बाद दक्षिण अमेरिकी चरण पेरू के लीमा में शुरू होगा जिसमें दूसरा आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप 13-22 अप्रैल तक होगा। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज होंगी।



## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने बजट सत्र से पहले किसानों से बात की, सहायता का आश्वासन दिया




**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को भाजपा सरकार के 25 मार्च को पेश होने वाले बजट से पहले दिल्ली के किसानों से प्रतिक्रिया जानी और उनकी सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बातचीत में किसानों ने तत्काल प्रभाव से भूमि सर्वेक्षण नीति लागू करने, खाद-बीज पर सब्सिडी देने और मानसून के मौसम में नालों के उफान पर आने से विभिन्न गांवों में खड़ी फसलों को जलमग्न होने से बचाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि किसानों के डीजल से चलने वाले ट्रैक्टर 10 साल पूरे होने के बाद जब्त कर लिए गए। उन्होंने सरकार से मांग की कि खेती के लिए ट्रैक्टरों के इस्तेमाल की अनुमति 20 साल तक दी जाए। इस बातचीत में मुख्यमंत्री के अलावा लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे। गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया और उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने कहा, किसानों से प्राप्त प्रत्येक सुझाव पर गौर किया जाएगा तथा सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र की मदद से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों और गांवों में संपत्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। दिल्ली विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र 25 मार्च से शुरू होगा। रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 2025-26 के लिए 'विकसित दिल्ली' बजट पेश करेगी।

## उपभोक्ता शिकायतों का मुकदमा होने से पहले ही समाधान करने पर सरकार का जोरः सचिव



**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शनिवार को कहा कि सरकार एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित कर रही है, जिससे मुकदमा होने से पहले ही उपभोक्ता शिकायतों का समाधान हो सकेगा। उन्होंने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आयोजित एक वेब गोष्ठी में कहा कि उपभोक्ता शिकायतों के समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) प्रणाली के जरिये एक परेशानी मुक्त, तेज और लागत प्रभावी मंच बनाया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों के साथ एनसीएच में तकनीकी बदलाव से इसकी शिकायतें लेने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खरे ने कहा कि एनसीएच को मिलने वाली कॉलों की संख्या जनवरी 2015 में 14,795 कॉलों से लगभग दस गुना बढ़ गई है। सचिव ने कहा, 'एआई उपकरणों की मदद से हम सात दिनों के भीतर ज्यादातर शिकायतों का समाधान कर रहने जा रहे हैं।'

# आरबीआई ने इंडसइंड बैंक को इसी महीने सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया




**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को ग्राहकों को आश्वस्त किया कि इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है। केंद्रीय बैंक ने बैंक के निदेशक मंडल को निर्देश दिया कि वह अनुमानित 2,100 करोड़ रुपये की लेखा विसंगति से संबंधित सुधारात्मक कार्रवाई इसी महीने पूरी कर ले। इंडसइंड बैंक ने इसी सप्ताह लेखांकन में गड़बड़ी का खुलासा किया था। इसका बैंक के निवल मूल्य पर 2.35 प्रतिशत असर पड़ने का अनुमान है। खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों की कीमत में भारी गिरावट देखी गई। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध खुलासों के आधार पर बैंक ने पहले ही अपने मौजूदा तंत्र की व्यापक समीक्षा करने और वास्तविक प्रभाव का आकलन करने और उसका हिसाब लगाने के लिए एक बाहरी लेखा परीक्षा टीम को नियुक्त कर लिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, बोर्ड और प्रबंधन को रिजर्व बैंक द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे सभी हितधारकों को आवश्यक खुलासे करने के बाद, जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान पूरी तरह से सुधारात्मक कार्रवाई पूरी कर लें। ग्राहकों की चिंताओं को दूर करते हुए आरबीआई ने कहा कि जमाकर्ताओं को इस समय अटकलों पर प्रतिक्रिया देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आरबीआई ने कहा कि इंडसइंड बैंक लिमिटेड से संबंधित कुछ अटकलें लगाई गई हैं, जो शायद बैंक से संबंधित हाल की घटनाओं से उत्पन्न हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने ग्राहकों और निवेशकों को आश्वासन दिया कि बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और वह इस पर बारीकी से नजर रख रहा है।

## तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये से दो इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर स्थापित किए जाएंगेः वैष्णव



**चेन्नई :** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये की लागत से दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। यहां से लगभग 55 किलोमीटर दूर श्रीपेरंबदूर में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स की सातवीं विनिर्माण सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग पिछले एक दशक में कई पारंपरिक उद्योगों को पीछे छोड़ते हुए देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है। यह नई सुविधा, 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है, जो उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और आईटी हार्डवेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उत्पादन करेगी और भविष्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की सेवा करेगी। ज़ेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने किस तरह तेजी से वृद्धि की है और कई लंबे समय से चल रहे निर्यात उद्योगों को पीछे छोड़ दिया है। ज़ेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के सह-संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि यह नया संयंत्र भारत में कंपनी का सातवां संयंत्र है और यह 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है। श्रीपेरंबदूर स्थित यह संयंत्र एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है, जहां लगभग 1,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास में वैष्णव ने कहा कि सरकार तमिलनाडु में दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने के लिए 1,112 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पहले सामाजिक बॉन्ड के जरिए एक अरब यूरो जुटाए, 50 प्रतिशत भारत में करेगी निवेश

**नयी दिल्ली :** स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पहला सामाजिक बॉन्ड जारी करके एक अरब यूरो (लगभग 9,400 करोड़ रुपये) जुटाए हैं, जो भारत सहित बैंक के उभरते बाजार में सतत विकास परियोजनाओं में लगाए जाएंगे। स्टैंडर्ड चार्टर्ड (स्टैनचार्ट) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आठ साल का बॉन्ड मुख्य रूप से छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) को ऋण देने, वित्त तक पहुंच सुनिश्चित करने, रोजगार सृजन में मदद करने और महिला-स्वामित्व वाले एसएमई को सशक्त बनाने और उनका पोषण करने में मदद करेगा। कुल राशि में से लगभग 50 प्रतिशत राशि भारत को सतत परियोजनाओं के लिए आवंटित की जाएगी। इसमें कहा गया है कि इस राशि से स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सहित आवश्यक सेवाओं तक पहुंच को वित्तपोषित किया जाएगा, तथा बैंक के स्थायित्व बॉन्ड ढांचे में निर्धारित सामाजिक गतिविधियों के अनुरूप किफायती बुनियादी ढांचे और खाद्य सुरक्षा में निवेश को सुगम बनाया जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### बड़ी तेलमिलों के दाम घटाने से सरसों तेल-तिलहन के दाम टूटे

**नयी दिल्ली :** सरसों की बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के हाजिर दाम तोड़े जाने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के थोकदाम में गिरावट दर्ज हुई। दूसरी ओर कल मलेशिया तेज होने और कम उपलब्धता के कारण मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल की थोक कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं किसानों द्वारा अधिक नीचे दाम पर बिकवाली से बचने तथा मांग होने के बीच सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि बड़ी तेल मिलें हाजिर दाम को तोड़ रही हैं। उनके दाम तोड़ने का मकसद किसानों का मनोबल तोड़कर उनसे सरसों सस्ते दाम पर खरीदना है। इन दिनों देखने को मिल रहा है कि सुबह के कारोबार में सरसों दाम टूटा है मगर शाम को दाम एक बार फिर से चढ़ जाता है क्योंकि इस बार सरसों का उत्पादन कम ही है। वहीं दिल्ली की नजफगढ मंडी में, जहां ज्यादातर छोटी तेल मिलें सरसों खरीदती हैं, सरसों के दाम में 100 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त देखी गई।

### इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसरः एमईआईटीवाई सचिव

**चेन्नई :** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। श्रीपेरंबदूर में आयोजित इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भाग लिया। कृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में सालाना 500 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

### भारत, चीन के व्यापार में दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धिः संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत और चीन ने 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार देखा। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर 'आर्थिक मंदी की संभावना' की चेतावनी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट, जो मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है, ने कहा कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, विकासशील देशों, विशेषकर चीन और भारत में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार हुआ, जबकि कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ। इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। साल 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए। चीन और भारत के व्यापार में, विशेष रूप से निर्यात में वृद्धि जारी रही।

वर्ष 9, पूर्णांक 4177 अंक 327, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in